રામજણી (सं.) वेश्या. रंडी, नर्तकी, गणिका, वारनारी ।

રામજયંતિ (सं.) चैत्र शुक्ला नवमी तिथि ।

રામ ઠાડિયું (वि.) टूटाहुवा, खंडित, भग्न, फूटाहुवा, खोखला ।

રામડોળી (सं.) मुर्देको लेजानेकी टट्टी, संगाती, रथी (मृतककी)

રામઢોલ (सं) बड़ाभारी ढोल, नगारा ।

રામણદીવો (सं.) किसी शुभ अवसरपर सिरपरमौर धारणकर हाथमें लटकताहुवा दीपक रखतीहैं ।

રામદવઈ-દવાઈ-દુવાઈ (सं.) राम दुहाई, रामचन्द्रकी सौगंध ।

રામદૂત (सं.) हनुमान, बन्दर, बानर ।

રામદાસ (सं) रामका भक्त ।

રામદાસિયું (वि.) गरीब, कंगाळ भिखारी, विपद्ग्रस्त ।

રામનવમી-નોમી (सं.) देखो રામજયંતિ । [चिंतन ।

રામનામ (सं.) भजन, ईश्वर

રામનામી (सं.) एक अंगूठी जिस पर रामका नाम अंकित हो ।

રામનુંરાજ (सं.) ऐसा राज्य जिसमें प्रजा सबतरह स्वतंत्र और सुखी हो।
(" हृष्ट प्रमुदितो लोक तुष्टपुष्टः सुधार्मिकः निरामयोह्य रोगश्च दुर्भिक्ष भयवार्जितः। नचाग्निजमयं किंचित्सार्पा ज्वरकृतं तथा, नचापि क्षुधभयंतत्र न तस्कर नभयंतथा। नगराणिच राष्ट्रानि धनधान्य युता निच, नित्यंप्रमुदिता सर्वे यथाकृत युगे तथा "। रामराज्यकी प्रशंसामें उक्त श्लोक महर्षि वाल्मीकिने लिखे हैं) स्वराज्य, सुराज।
રામનું રામાયણ (सं.) मिट्टीकाढेर।
રામપત્રિ (सं.) एकप्रकारकी औषधि
રામપાત્ર (सं.) एक प्रकारका मिट्टीका जळपीनेके लिये बर्तन, सकोरा।
રામફળ (सं.) एक प्रकारका फळ।
રામબાણ (वि०) अचूक गुणदायक अव्यर्थ, निष्फळ, गुणदायक।
રામભરુંઆઇ (सं.) मिट्टीका मोटा भारी ढकना। [पाठ रामकी कृपा।
રામરક્ષા (सं.) रामकी स्तुतिका
રામરસ (सं.) नमक, लवण, क्षार।
રામરાજ (सं.) देखो રામનુંરાજ।
રામરામ (सं.) सलाम, प्रणाम, अभिवादनके लिये यह शब्द प्रयोग होता है।
રામરોટી (सं.) साधुओंका भोजन, मोटी मोटी रोटी, रोट, टिकड़।
રામશરણથવું (क्रि.) मरजाना, समाप्त होजाना, स्वर्गवास करना।
રામરમીજવા (क्रि.) पूर्ववत्।
રામનુંનામ દો-यह बात छोड़दो, किसीकीभी निन्दा न करना।
રામવગરનું (अ.) बेजान, बिनादमका।
રામનામ જપના ને પરાયા માલ अपना धर्मकी आड़में नीच कार्य करना।
રામ રાખે તેને કોણ મારે=जिसपर ईश्वर अनुकूल हो उसे कौन मार सकता है ?
રામ નામે પત્થર તરે=ईश्वरकी कृपासे असंभव बात संभव हो जाती है।
રામને રળવું નહિ ને સીતાને દળવું નહિ-निर्धन दशामें होना।
રામનું સપનું ભરતને ફળ્યો=(सं.) बिलतो खोदे चूहा और वास करे सांप।

રામઝરૂખેબેઠકર સબકા મુજરા લેત। જૈસી જાકી ચાકરી વેસા ઉનકું દેત=जैसा करना वैसा भरना, कर्मानुसार फळ।

રામ આશરે (अ०) परमात्माके भरोसे, आश्रयहीन, दैव इच्छासे।

રામ કહાણી થવી-(क्रि.) रामचन्द्र के समान संकट या विपत्ति आपड़ना।

રામકૃષ્ણના વારાની (वि.) अत्यंत प्राचीन, बहुत पुरानी।

રામ કુંડાળું (वि.) गोळ चक्कर।

રામગલોલાજેવા (क्रि.) खूब मोटा ताजा, खा पी कर मस्त, अगड़बंब।

રામગાંડિયું (वि) बेढब, बेढंगा, पागल।

રામગોટીથોકરવો (क्रि.) गोल गेंदके समान लपेटना। [रोट।

રામચકકર (सं.) मोटी रोटी,

રામનામની (सं.) देखो રામડોળી।

રામનામનીઆપવી (क्रि.) मारमारकर अधमरा करदेना, मरणतुल्य पीटना।

રામબોલોથવો (क्रि) मरजाना, अन्त होना, स्वर्गवासी होना, इन्तकालहोना।

રામલક્ષ્મનનીજોડ = उम्दा जोडी, समाज रूपगुण लक्षण सम्पन्न पुरुष।

રામશરણુંકરવું-પહોંચાડવું (क्रि.) मारना, वध करना, मार डालना।

રામરખવાળું (वि.) जिसका केवल ईश्वरही रक्षकहो और आगेपीछे कोईभी नहो।

રામા (सं.) सुन्दर स्त्री, मनोहर स्त्री, वनिता, मानिनी, वामा, महिला।

રામાનુજ (सं.) हिन्दुओंका एक मत, इस नामका एक अवैदिक मतका प्रचारक मनुष्य दक्षिण भारतमें आजसे लगभग ७०० वर्ष पूर्व होगया है। इस मतके अनुयायिओंका चिन्ह मस्तकमें दो सफेद लकीरोंके बीचमें एक खडी लाल लकिरिका तिलक है।

રામાયણ (सं.) त्रेतायुगमें उत्पन्न दशरथके लड़के महात्मा रामचंद्रके जीवन चरित्र बताने वाली पुस्तक, रामचंद्रका इतिहास, वाल्मीकि रामायण, अध्यात्म रामायण, तुलसीकृत रामायण, अद्भुत रामायण आदि। बड़ी विचित्र तथा असंभव बात।

રામણુવેરીનાખવી (क्रि.) नुकसान करना, अतिशय दुख पहुचाना।

રામી (सं.) माळी, बागवान, फूलमाळी।

રામૈયો (वि.) बिना सूंडका चरस (पानी खींचनेका) चड़स, चरसा।

રામોસી (सं) एक जंगली जाति विशेष, लुटेरोंकी जाति विशेष, चौकीदार, पहिरेवाला, रखवाला।

રાય (सं.) राजा, धनाढ्य पुरुष

રાયઆમળાં (सं.) आंवरा, आंवला, इस नामसे प्रसिद्ध फल।

રાયકવાળ (सं.) ब्राह्मणोंकी एक जाति विशेष।

રાયકો (सं.) ग्वाल, चरवाहा, अहीर।

રાયણ (सं.) एक वृक्ष विशेष, एक प्रकारका फल। [वृक्षका फल।

રાયણ કુકડી-કોકડી (सं.) रायण

રાયત (सं.) किफायत, कमी, न्यूनता, कृपा दया, मिहरबानी, अनुकम्पा, आराम, विश्राम।

રાયરંક (सं) धनी दरिद्री, किसी पटेल या गाँव के नम्बरदारका लड़का।

રાયણું (वि.) प्रतिष्ठित पुरुष सम्बन्धी।

રાવ (सं.) फरियाद, नालिश, चुगली, राजा, नरेश, भाट, राज कवि. बन्दी।

રાવજી (सं.) भाट तथा स्तुति गायक

રાવખાવી (क्रि) फरियाद करना, चुगली करना, झूंठी बातें पीछे से कहना।

રાવટી (सं.) छोटा तम्बू, छोटी छोलदारी पट भवन (छोटा)

રાવણ सं.) रावण नामक प्रसिद्ध लंका का राजाजो अनार्य्यथा और जिसे दशरथ के लड़के रामने माराथा। कहते हैं उसके दस सिर तथा बीस हाथथे।

રાવણ જેવું મોં (सं.) चढा हुआ मुहँ, फूला हुआ मुहँ। क्रुद्ध मुख।

રાવણ થવું (.क्रि.) मोटा होना, फूलना।

રાવણ રૂપ કરવું (क्रि.) मुहँ चढाना, मुहँ फूलाना, क्रुद्ध होना।

રાવણિયો (सं) गाँवका चौकीदार छोटेसे गांवड़े का पहिरेवाला।

રાવણું (सं.) राजपूत ठाकुरोंकी सभा। क्षत्रियों की आसीम सभा, चौकीदार अथवा सिपाहियों के रहने की जगह।

રાવણું (सं.) पूर्ववत्
રાવણું કરવું-ણું કરવું (क्रि.) राजपूतों का एक जगह इकठ्ठे हो कर अमलपानी नशा करना, भाट इत्यादिको कसूंमा नामक नशेदार चीज देना ।
રાવત (सं.) घुड़ सवार, अश्वारोही, अश्वरक्षक, अश्वपाल,साईस, सईस ।
રાવતા (सं.) राजाकी रीति, राज कुल की रिवाज, राजत्व ।
રાવલું (सं.) देखो રાવણું ।
રાવળિયો (सं.) एक प्रकारकी शूद्र जाति जो प्रायः कपड़े बुनने तथा दातुन बेचने का धन्धा करते हैं ।
રાશ (सं.) राशि, सरासर, हिस्से दारी, पांती, सहकार, ढेर, समूह, गधा, गर्दभ, गदहा, रासभ, समान गुण, लगामकी डोरी, रास ।
રાશિ (सं.) नक्षत्रों के द्वादशचक्र (मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन, मकर, कुंभ औरमीन,) समूह, पुंज, ढेर । [रस्सी चांदीकीकण्ठी ।
રાશઠી (सं.) डोरी, सुतली,
રાશવા (वि.) डोरीकी लंबाईके बराबर फासला, १६ फुटका माप ।
રાશી (वि.) खराब, हलकी जातिका ।
રાષણી (सं.) औषधि ।
રાષ્ટ્ર (सं) देश, प्रांत, प्रजा, रैयत।
રાસ (सं.) घोड़ोंके या रथमें जुते हुए किसीभी पशु के चलाने रोकने की रस्सी, गोळ चक्करकी नृत्य क्रीड़ा, बारह राशियां (मेष, वृषभ इ०) समानता साझा, पांती सहयोग, ढेर, पुंज, लगाम, मूलधन, पूंजी ।
રાસક્રીડા (सं.) वृन्दावनमें कृष्णका गोपियोंके साथ खेलाहुआ खेल, कृष्णके समान खेल ।
રાસખાતુ (सं.) साझेदारी, हिस्सेदारी, सहयोगिता, सहकारिता ।
રાસડી (सं.) डोरी, रस्सी, सुतळी चांदीकी कंटी ।
રાસડો (सं.) एक प्रकारका राग, एक प्रकारका गरबा, नाच गान, खेल इत्यादि ।
રાસધારી (सं.) कृष्णकी लीलाओंको खेळकर दिखानेवाळे, राधाकृष्ण बनकर नाचने वाले लोग ।

રાસભ (सं.) खर, गधा, गर्दभ, गदहा। [खेलनेवाले पुरुष।
રાળમંડળ–ળી (सं.) रासक्रीड़ा
રાસલીલા (सं.) देखो રાસક્રીડા।
રાસી (वि.) खराब, गड़बड़युक्त, निरस।
રાસો (सं.) झूंठा किस्सा, अपूर्व कहानी, कहावत, परंपरागतगाथा।
રાસ્ત (सं.) खरा, सत्य, उचित, सच्चा, बाजिब, मुनासिब योग्य।
રાસ્તી (वि.) न्याय्य, ईमानदारी, औचित्य, सत्यता, वफादारी।
રાહુંદો (सं.) अन्धा नेत्रहीन, अंध, जिसे रातको नहीं सूझे, रतौंधका रोगी, रात्रांध रोगवाला।
રાહ (सं.) मार्ग, रास्ता, पथ, सड़क, रीति, तरह, ढंग, चाल, तर्ज, ढलि, राहू, ग्रह विशेष।
રાહદારી (सं.) एकस्थानसे दूसरे स्थान जाने या सामान ले जानेका आज्ञापत्र, मार्ग, रास्ता।
રાહજોવી (क्रि.) इंतज़ार करना, मार्ग निरीक्षण करना, बाटजोहना।
રાહમારવો (क्रि.) धूळधानी करना, बरबाद करना, विनष्टकरना
રાહુ (सं.) एकग्रह विशेष, क्रूरग्रह हानि पहुंचानेवाला नीच पुरुष।
રાળ एक प्रकारकी औषधि, यह अग्नि संयोगसे फौरन जल जाती है। धूनी, एक प्रकारका गोंद। एक प्रकारका सिक्का, डालर, इसका मूल्य लगभग ढाई रुपये के होता है, अमेरिका जापान आदि देशोंमें अब प्रचलित है। [करना।
રાળવું (क्रि) साफकरना, शुद्ध
રિકઝીક (सं.) वादानुवाद, झिक झिक, बकबक, शास्त्रार्थ, विवाद।
રિખવું (क्रि.) घूमना फिरना, भटकना। [का वृक्ष,।
રિંગણી (सं.) भटेकापेड़, बैंगन
રિંગણું (सं) भटे, बैंगन राजकुष्माण्ड, वृंताक फल, सागके लिये फल विशेष।
રિઝવું–ઝવું (क्रि.) प्रसन्न होना, खुश होना, मुग्ध होना।
રિઝવણું (सं.) प्रसन्न होनेका कार्य।
રિત્નાવટ (सं) समुद्र, सागर, सिंधु, उदधि।
રિદ્ધિ (सं.) ऋद्धि, सम्पत्ति, वृद्धि, लक्ष्मी, दौलत, विभूति, ऐश्वर्य उदय उत्कर्ष समृद्धि, शुभ, क्षेम, कल्याण।
રિદ્ધિસિદ્ધિ (सं.) सुख संपत्ति, वैभव, गणेशजीकी स्त्रियां।

રિપ (सं.) तख्तेकी पट्टी या धज्जी

રિપુ (सं.) शत्रु, वैरी, द्वेषी, वि-रोधी, दुश्मन, अरि, जासूस, भेदू, गुप्तचर । [कष्ट देना ।

રિબવું (क्रि.) पीड़ा पहुंचाना,

રિબાવું (क्रि.) दुखपाते रहना, बहुत समयतक तकलीफें उठाना ।

રિવાજ (सं.) चाल, रीति, रस्म, मार्ग, आचार, अभ्यास, पद्धति, आदत, टेव मुहाविरा । [दुखद ।

રિષ્ટ (वि.) खोटा, बुरा, अशुभ,

રિસામણ (सं.) रिस, कोप, नाराजी, खफगी, अप्रसन्नता, असंतुष्टता ।

રિસામણું (वि.) जो जराजरासी-बातमें नाराजी प्रदर्शित करने-वाला ।

રિસાવું (सं.) नाराज होना, कुपित होना, रूठना, चिढना, गुस्से होना ।

રિસામણી (सं.) एक प्रकारका वृक्ष, लाजवतीका वृक्ष, लज्जावंतीका पेड़ ।

રિસાળ (वि.) देखो रिसामणुं

રીંછ (सं.) भालू, ऋक्ष, भल्लुक । एकवन्य मांसाहारी जीव विशेष, जंगली आदमी ।

રીબવું (क्रि.) दुखी होना कष्टमें होना ।

રીઝ-ઝ (सं.) खुशी, आनन्द, हर्ष, सन्तोष, प्रसन्नता, उपहार, भेंट ।

રીઠ (सं.) देखो રિષ્ટ ।

રીડ-ડ (सं) आवाज पुकार, चिल्लाहट, होहल्ला, शोर गुल, ।

રીઢું (वि.) अत्यंत प्रयोगद्वारा मजबूत (मिट्टीका पात्र) कठिन, टिकाऊ, कठोर, दृढ ।

રીત-તી (सं.) चाल, चलन, प्रकार, व्यवहार, मार्ग, राह, ढंग, तरीका ।

રીતમાંરહેવું (क्रि.) लोकाचारसे विरुद्ध कार्य न करना, चलनके अनुसार वर्ताव करना ।

રીતમાંઆવવું (क्रि.) समलजाना, ठोकरें खाकर योग्य कार्य करना ।

રીતપડવી (क्रि.) रिवाज होना, आदत पड़ना, टेव होना ।

રીતકરવી (क्रि.) जोकुछ कुलरीति हो उसे करना ।

રીતરાખવી (क्रि.) रिवाजके अनुसार काम करना, मर्याद रखना ।

રીતસર (अ.) रीत्यानुसार, रिवाज़के मुआफिक, यथा विधि ।

રીતભાત (सं.) रस्मारिवाज, रीति, चालचलन, वर्ताव, चालचलन ।

રીતરવેશ (सं.) तर्ज, ढंग, फेशन, तरीका मुहाविरा, सभ्यता।।

રીતિ (सं.) देखो रीत ।

રીધ (सं.) देखो रि[illegible] ।

રીપોર્ટ (सं.) बयान, हाल, वर्णन नोट, अफवाह, गप्प, जनवाद, लोकचर्चा, किम्बदन्ती ।

રીમ (सं.) कागजोंके बीस दस्ते, ४८० कागज (के शीट)। [पुकार ।

રીર (सं.) लड़ाई, फसाद, हल्ला,

રીસ (सं.) क्रोध, कोप, रोष, गुस्सा । [होना ।

રીસ ઉતરવી (क्रि.) क्रोध शांत

રીસ ચઢવી-ચઢાવી-ભરાવું (क्रि.) क्रोध आना, कोप करना, गुस्सा होना ।

રુંઆટી (सं.) रोम, छोटे छोटे, बाल, पश्म ।

રુઉ-રુંવું (सं.) रोंवा, रूँआँ, रोम, लोम ।

રુંઝું (सं.) रोमावली, रोना, विलाप ।

રુંઢો (सं.) दोपहर का भोजन ।

રુંડમાલ (सं.) नरशिरमाला, मनुष्यकी खोपड़ियोंका हार, मुंडमाला ।

રુંઢમાળ (सं.) पूर्ववत् । [वकल ।

રુંછાં (सं.) नरियल के ऊपर का

રુંઢમુંઢ (सं.) गोल मटोल ।

રુંઢો (सं.) दो पहरोंका भोजन, उपहार । [स्तंभन ।

રુંધણ (सं.) निरोध अवरोध,

રુંધવું (क्रि.) रोकना, अवरोध करना, घेरना, स्तंभन करना, थामना ।

રુંવાડું (सं.) रोम, लोम, रूआं, पशम ।

રુસણું (सं.) रीस, रिस, रोष, क्रोध, कोप ।

રુઆબ (सं.) रवाब, मुखाकृति, ढंग,

રુઅએ (सं.) देखो રુએ ।

રુએદાર (वि.) जिसके भीतर रूई भरी हो, रूई सहित, रूई युक्त ।

રુઆટી (सं.) देखो રુંઆટી ।

રુકમ (सं.) रोग, बीमारी ।

રુકવું (क्रि.) अटकाना, रोकना, ठहराना । [लिखा हुआ पत्र ।

રુક્કો (सं.) छोटी चिट्ठी, संक्षेपमें

રુચિ (सं.) भाव, मनोवृत्ति, इच्छा रुख ।

रूक्षत (सं.) छुट्टी, इजाजत, रजा।
रूक्षत આપવી (क्रि.) निकाल देना पृथक कर देना, अलग करना।
રૂખ-ડું (सं.) पेड़, वृक्ष, तरु, पादप, रुंख, झाड़, गाछ।
રૂખસત (सं.) देखो રૂક્ષત
રૂચવું (क्रि.) भाना, अच्छा लगना मनोहर मालुम होना, रुचिकर होना।
રૂચી (सं.) इच्छा, अभिलाष, मरजी, प्रसन्नता, आसक्ति, भाव, स्पृहा, मजा, हर्ष, आनन्द।
રૂચિકર (वि.) सुन्दर, मनोहर, रुचिकर रुचिर मधुर।
રૂચિર आल्हाद कारक, सुखद, मनोरंजक, रम्य, हर्षजनक।
રૂજઆત (सं.) देखो રજુઆત
રૂઝાવવી-વું-ઝાવું (क्रि.) बंदहोना, छिद्र रुकना, नई चमड़ी आना, दर्द मिटना, कान या नाक का छिद्र पुरना।
રૂઠવું (क्रि.) नाराज होना, रूसना, मचल जाना, रूठना, खफाहोना, अप्रसन्न होना। [रीतिरिवाज।
રૂડીઆલ (सं.) अच्छे आचरण,
રૂડું (वि.) उत्तम, उम्दा, उत्कृष्ट, सुंदर, योग्य, लायक, उचित, ग्राह्य, रुचिर।
રૂડું જીવવું (क्रि.) सुखमय जीवन काटना।
રૂડું માણસ (सं.) भला आदमी, चतुर मनुष्य, सद्‌गुणी, गुणवान पुरुष। [रुलाई, आंसू डालना।
રૂદન (सं.) रोदन, विलाप, रोना,
રૂદય (सं.) हृदय, दिल, अंतःकरण, छाती।
રૂદ્ર (सं.) महादेवका नाम, परमात्माका नाम, द्वादशरुद्र कहाते हैं १ सोमनाथ, २ मल्लिकार्जुन, ३ महाकाळ, ४ ओंकार, ५ वैजनाथ, ६ भीमशंकर ७ रामेश्वर, ८ नागेश्वर, ९ विश्वेश्वर, १० त्र्यंबक, ११ केदार और १२ घुसृणेश (वि.) ग्यारहकी संख्याका संकेत।
રૂદ્રતાલ (सं.) रागशास्त्रमें ताल विशेष।
રૂદ્રાક્ષ (सं.) एक प्रकारके वृक्षका बीज जिसमें छिद्र करके माला बनाकर पहिनते हैं, शिवभक्त इस मालाको प्रायः पहिनते हैं।
રૂદ્રી (सं.) रुद्रका स्तुतिपाठ, कुछ वेद मंत्रोंका संग्रह करके शिवमूर्तिके सामने पढते हैं वह रुद्री, रुद्राष्टाध्यायी। पुस्तक विशेष।

રૂધિર (सं.) रक्त, खून, लोहू, लोही, शोणित, शरीरस्थ लाल वर्णका रस । [बंधन ।
રૂન્ધન (सं.) रोक, आड़, अटकाव।
રૂપાળું (वि.) खूबसूरत, सुन्दर, रूप सम्पन्न ।
રૂપિયો-પૈયો (सं.) चांदीका प्रसिद्ध सिक्का, १६ आनेका सिक्का, रौप्य मुद्रा विशेष, कलदार । [रुपया ।
રૂપિયો રોડો-भाग्य में ही एक
રૂપેરી (वि.) रुपहरी, चाँदी के वर्णका चांदी के मुलम्मावाला, चांदी समान ।

રૂમક (स.) दांतकी हड्डी ।
રૂમઝૂમ (वि.) मन्दमन्द जल वृष्टि, छुमक छुमक, रुमक झुमक, आ भूषण विशेष ।

રૂમઢું (सं.) देखो રૂમાંટી
રૂમટી (सं.) शरीर में से खून खींच निकालने की नली । सींगी, सिंघी ।

રૂમડી (सं.) पूर्ववत् । [फिरना ।
રૂમવું (कि.) घूमना, इधर उधर
રૂમાડો (सं.) शोरकोलाहल, होहल्ला।
રૂમાલ (सं.) रेशमी या सूत अथवा ऊन के कपड़े का चौकोर टुकड़ा ।

રૂમી મસ્તકી (सं.) एक प्रकारका गोंद, औषधि विशेष, रूमी मस्तगी ।

રૂવાંટી (सं.) देखो રૂમઢું
રૂવાન (सं.) मुर्दा, शव, मृतदेह, प्रेत, लाश । [रूईदार ।
રૂવેલ (वि.) रूई से भरा हुआ,
રૂવો (सं.) वह लोहेका गड्ढे युक्त टुकड़ाजो द्वार के नीचे लगाते हैं । [लिखने की स्याही ।
રૂશનાઇ (सं.) स्याही, मसि,
રૂશવત (सं.) रिश्वत, घूंस, लालच किसी से काम निकालने के लिये दिया हुआ पदार्थ ।

રૂશવતખોર (वि.) घूंसलेनेवाला, रिश्वत लेनेवाला, लोभी, लालची ।

રૂશણું (सं.) रूसना, मचलना, रूठना, लाड़ में नाराज होना ।
રૂ(सं) रूई, कपास, तन्तु विशेष, तूल ।
રૂનાભાભલા જેવું (वि.) निर्दोष, साफ तथा कोमलसा ।
રૂએ (अ.) द्वारा, मार्फत, जरिये, से ।
રૂકાર (सं.) मानलेना, सम्मति, हां, स्वीकृति, हां कहना ।
રૂશો (सं.) देखो રૂશકો ।

રૂખ (सं.) वृक्ष, तरु, पेड़, झाड़, मूळ, जड़, तर्क, अटकल, अन्दाज, अनुमान, कल्पना, कयास, अजमायश, विचार, अच्छा समय, अभिप्राय, इच्छा, हेतु, गाळ, चेहरा, मुख, शकळ ढब, तर्ज, रुख, मुखमुद्रा।

રૂખી (सं.) ऋषि, मुनि, संत, साधु, महात्मा, तपस्वी, सिद्ध, मुमुक्षु।

રૂઝ (सं.) देखो રૂઝવું। [सम्मत।

રૂઢ (वि.) लोकप्रसिद्ध, लोक

રૂઢિ (सं.) उत्पत्ति, प्रसिद्धि, सृष्टिक्रम, रीति, विधि, मार्ग, नियम व्यवहार, लोकाचार, जनरीति, शिरस्ता, पद्धति।

રૂણ (सं.) कर्ज, देना, ऋण।

રૂત (सं.) मौसम, अनुकूल समय ऋतु, अवकाश, अवसर, प्रसंग, हवा, जलवायु, आबोहवा, देशप्रकृति।

રૂતઆવવો (क्रि.) ऋतुमतिहोना, (स्त्री) छूनेकीहोना, कपडोंसेहोना चौके बाहिर होना; मासिक धर्म होना।

રૂતુરાજ (सं.) वसन्त, उत्तमऋतु।

રૂદયા-દે (सं.) हृदयदिल (काव्यमें)

રૂપ (सं.) चेहरा, दिखावा, शकळ सूरत, ढंग, डौल, सांचा, मुहं, मुख, आकृति, रूप रेषा, आकार, सुंदरता, क्रम, मर्यादा, नियम, रीति, प्रकार, विधि, सौंदर्य, खूबसूरती, कांति, शोभा, स्वभाव, धर्म, प्रकृति, भाव।

રૂપરૂપનીભરેલી (सं.) अतिशय तेजस्वी, तथा सुंदर।

રૂપનીગોળી (सं.) रुपया, कलदार चांदीका सिक्का।

રૂપેરસીજવું(क्रि, अतिरूपवान होना।

રૂપ (वि.) समान, मिलताजुलता अनुरूप।

રૂપક (सं.) उपमा लक्षण, रूपवर्णन उपमान, काव्यालंकार, अभिनयका प्रदर्शक दृश्य काव्यविशेष, नाटक।

રૂપરંગ (सं.) आकृति, औररंग।

રૂપવતી-વંતી (सं.) रूपवाळी, सुरूपा, सुन्दरी, रूप लावण्य युक्तस्त्री।

રૂપવાન-વંતી (सं.) खूबसूरत सुन्दर।

રૂપાખ્યાને (सं.) संज्ञा, क्रिया, और अव्ययका वर्णन (व्याकरण शास्त्र)।

રૂપાવળી (सं.) एक संस्कृत पुस्तक जिसमें संज्ञा शब्दोंके रूप का वर्णन है, शब्द रूपावळी, (व्याकरणशास्त्र)

રૂપાળું (वि.) खूबसूरत, सुंदर मनोहर।

રૂપી (वि.) समान, सरीखा, जैसा एक से मिलताहुआ, सम्बंधी।

રૂપું (सं.) चांदी, रौप्य, धातु विशेष।

રૂપેરી (वि.) चांदीके रंगका, रौप्यवर्ण।

રૂપેરીઅંધછુટવા (कि.) मृत्युके निकट पहुंचना, नाड़ियें छूटना, हाथपर ठंडे होना।

રૂબરૂ (अ.) सन्मुख, समक्ष, सामने, आमने सामनें, दृष्टि सामने।

રૂમાલ (सं.) मुहं पोंछनेका चौकोना कपडेका टुकड़ा।

રૂલ-ર (सं.) कागजपर सतरें खींचनेका सीधा गोल डण्डा वगैरः।

રૂવું (सं.) रोंआं, रोम, लोम, मुलायमबाल।

રૂંવાટું બદલાવું (कि.) स्वभाव बदलना, आदत बदलना, प्रकृति बदलना।

રૂંવાડાંઊભાંથવાં (कि.) प्रेम अथवा भयसे रोमांच होना। रोंगटे खड़े होना।

રૂવેરૂવેજીવરાખવો (कि.) अत्यन्त फिक्र रखना, बहुत संभाल सावधानी रखना।

રુસવા (वि.) अपमानित।

રુસવાઈ (सं.) अपमान, मानभंग, फजीहत, बदनामी, तौहीन, धिक्कार, निंदा।

રુહ (सं.) आत्मा, जीव, प्राण।

રેંકડો-ડી (सं.) एक प्रकारकी बैलगाड़ी, खूब चिल्लाकर रोना, रेंकना।

રેંગણું (सं.) बैंगन, भटे, राजकूष्मांड, वृंताक।

રેંગીપેંચી-ચું (सं.) मुर्दा, निर्बल अशक्त, ढीला, सिटल्लू, निर्जीव।

રેંચિયોપેંચિયો (वि.) पूर्ववत्।

રેંચુંપેંચું (वि.) पूर्ववत्।

રેંટ (सं) रहंट, कुएमेंसे पानी निकालनेका घट मालिका यंत्र, (वि.) देखो રેંચુંપેંચું।

રેંટમાળ (सं.) वह घट मालाजो रहंटके गोल चक्कर पर पानी निकालनेके लिये पड़ी रहती है। अस्तोदय, घटा बढ़ी, धूप छांह, खाली और भरा।

રેંટિયો (सं) सूत कातनेका चरखा, रहंटा, चर्खा।

रेल (वि.) बाहुल्यता, पूर, बाढ, लोहकी सडक का मार्ग, रेलवे, लोहोंकी पटरी।

रेलछेल (सं.) बाहुल्यता, अनापसनाप, अनचाहा समृद्धि।

रेलवे (सं.) लोहकी सड़क; लोहे की पटरी।

रेलवुं (सं.) पानीमें रहनेवाला सर्प, डेंडु, पनियर सांप। (क्रि.) फैलाना, बिखेरना, उंडेलना, ढुलाना, दूरकरना, निकालना। [जाना।

रेलावुं (सं.) पानीकी तरह फैल

रेलियुं (वि.) रेल विषयक।

रेलो (सं.) किसी तरल पदार्थका दूरतक बहना, रेला, प्रवाह, बहाव, सोता, धावा, आक्रमण।

रेवंची (सं.) एक प्रकारकी वनस्पतिका रस। [रका हलुवा।

रेवंचीनोसीरो (सं.) एक प्रका-

रेवडी (सं.) तिल और शक्कर तथा गुड़की चासनीसे बनाया हुवा पदार्थ, फजीहत, बरबादी।

रेवडीउडावी-करवी (सं.) फजीहत करना, इज्जत बिगाड़ना।

रेवडीदानादानथवी (क्रि.) अपमान होना, कम इज्जती होना।

रेवडीनापेंचमांलेवुं (क्रि.) फाँसना, पंजेमें लेना, चक्करमें लेना।

रेवती (सं.) सत्ताईसवाँ नक्षत्र।

रेवंती (सं.) अश्व, तुरग, घोड़ा।

रेवन्यु (सं.) उपज, वसूलात, आय।

रेववुं (क्रि.) टाँकालगाना, जोड़ना, मरम्मत करना।

रेहेमदील-नजर (सं.) कृपादृष्टि, दया, स्हेनभाव, प्रीति, कृपा।

रेश (सं.) रज, कण, अणु, सबसे छोटा, जरा, थोडा।

रेशम (सं) एक कीड़ेके बनाये हुए तंतु जिन्हे वह अपने ऊपर लपेटता रहता है, जब उसका लपेटना बंद हो जाता है तब लोग उस रेशमको पानेके लिये उस कीड़ेको उबलते हुए पानीमें छोड़कर मार डालते हैं, उसपरसे जो तन्तु प्राप्त होते हैं वह रेशम कहाता है। सिल्क। [गाढमैत्री।

रेशमनीगांठ (सं.) अत्यंत प्रेम,

रेशमनोकीडो (सं.) वह कीट जिससे रेशम मिलता है। [मल।

रेशमी (वि.) रेशमका, नर्म, कोरेष (सं.) देखो रेखा।

રેસ (सं.) एक रुपयेका चार सौ-वां भाग, १/४०० रुपया, आधी पाईसे कुछ कम, इस समय जैसे रुपये आने और पैसे चलते हैं उसी तरह कुछ वर्ष पूर्व यहां रुपये पावला और रेस चलते थे । देखो રેશ ।

રેસા (सं.) तंतु, तार, नस, धागा।

રેસાદાર (वि.) तन्तुयुक्त, डोरी-दार ।

રેહેણ (सं.) जोड, टांका, सॉंधन ।

રેહેણી (सं.) देखो રેણી ।

રેહેઠાણ (सं.) रहनेका स्थान, देश वतन ।

રેહેમ-ત (सं.) दया, कृपा, अनुकम्पा, छोह, माया, महरबानी ।

રેહેમદિલ-નજર (सं.) दयालु, कृपालु महरबान, कृपा, अनुकम्पा।

રેહેવાદેવું (क्रि.) पड़े रहने देना, ठहराना, रखछोड़ना, रहनेदेना ।

રેહેવાસી (सं.) रहनेवाला, वासी ।

રેહેવું (क्रि.) रहना, बसना, ठहरना, टिकना, मुकाम करना, आश्रित होना, छोड़ना, त्यागना, पड़ावकरना, वासकरना, निवास करना।

રેહેંસવું (क्रि.) काटना, अलगकरना, पृथककरना, भिन्नकरना ।

રૈઅત-યત (सं.) प्रजा, लोग, निवासी, मनुष्य, राजाकी सत्ता-माननेवाले ।

રોંઠવું-ખવું (क्रि.) चिकना करना साफ करना, रन्दा करना ।

રોંખણું (सं.) बढईका औजार, विशेष जिससे वह काठको साफ करता है । रन्दा, रद्दा रंधा, रूखा ।

રોંખવું (क्रि.) रन्दा फेरना, चिकना करना ।

રોંચું (वि.) जंगली, ग्रामीण, गंवडैल, विवेक चातुर्य्यहीन ।

રોટી (सं) तीसरे पहरका भोजन, अपराह्न काळका भोजन, ब्यालू, टिफन ।

રોક (वि.) नगद, कैश, रोकड़ा, (सं.) अटक, छेंक, आड, रुकाव ।

રોકકળ (सं.) हायहाय, रोआपीटी, विलाप, करुण, क्रंदन । [कैश ।

રોકડ (सं.) नगद, हाजिर रुपया,

રોકડમેળ (सं.) हिसाब किताब, क्यैश बुक, हिसाब लिखनेकी किताब, जिसमें आयव्ययका लेखा रहता है ।

રોકડિયું (वि.) जो उधार नहो, जो तुरत जवाब दे,हाजिर जवाब।[सूखा जवाब।

રોકડું (वि.) नक्द, नगद, सिक्कों के रूपमें धन।

રોકડો જવાબ (सं.) तुरत जवाब,

રોકાણ (सं.) रोक, आड़, अटक, प्रतिबंध, प्रतिकार, बन्दी।

રોકવું (क्रि.) ठहराना, रोकना, अटकाना, उलझाना, आड़करना, अवरोध करना, विघ्नकरना काममें लगाना, नौकर रखना। [अटकाव।

રોકાણ (सं.) आड़, रोक, वन्धन

રોકાવું (क्रि.) रुकना, अटकना, फंसना, उलझना, ठहरना।

રોકાઈરહેવું (क्रि.) पूर्ववत्।

રોકડ (सं.) पूंजी, मूलधन, नकद, नगद, रुपया पैसा।

રોખ (वि.) देखो રોક (सं.) इच्छा, आकांक्षा, मरजी, रुख, (अ.) अहंकारमें, अभिमानमें।

રોખણું (सं.) बखेड़ा, फिसाद, झगड़ा।

રોખું (वि.) अनुसार, मुआफिक, जितने मूल्यका। (सं.) लक्कड़, ईंधन, जलानेका काष्ठ, बलीता।

રોગ (सं.) व्याधि, पीड़ा, दुःख, शारीरिक अस्वस्थता, बीमारी, दर्द, आजार, विकार, मांदगी, क्रोध, गुस्सा, स्पर्द्धा। [बोलना।

રોગમાંબોલવું (क्रि.) क्रोधमें

રોગકાઢીનાંખવું (क्रि.) ठिकाने लाना, क्रोध शान्त करना।

રોગચાળો (सं.) संक्राम रोग, छूतकी बीमारी, हवाके साथ फैलने वाला रोग। [प्रेतादि जनित पीड़ा।

રોગરાજ (सं.) रोग और भूत

રોગાન (सं.) रोगन, वार्निश, मोम तेल राल आदिसे बना हुआ पदार्थ।

રોગાનચઢાવો (क्रि.) रंगना, टीपटाप करना, मरम्मत करना, ऐब ढांकना, दोष छुपाना।

રોગાનફરવું (क्रि.) बिगड़ना, नुकसान जाना, खराब होना।

રોગિયું (वि.) बिमार, रोगी, अस्वस्थ।

રોગિલું (वि.) पूर्ववत्।

રોગિષ્ટ (वि.) पूर्ववत्।

રોગી (वि.) पूर्ववत्।

રોચક (वि.) स्वादिष्ट, पाचक, रुचिकारक, मन भावन, मजेदार।

રોગી (सं.) व्याधिग्रस्त, रोगी, मिथ्या, बदमाशी, लुचाई ।

રોજ (सं) दिन, वार, दिवस, आठ प्रहर, २४ घंटोंका समय । मजदूरी, मजदूरीके एक दिनकी मेहनत । (अ.) सदा, नित्य, हमेश, प्रतिदिन ।

રોજઆવવું (क्रि.) रोना आना, दुःखसे छाती फटना, आंसू आना ।

રોજઉઠીને (अ.) दैनिक नित्य, हररोज ।

રોજગાર (सं.) उद्यम, धन्धा, पेशा, काम, व्यवहार, वृत्ति । [भरना ।

રોજભરવા (क्रि.) मजूरीके दिन

રોજગારસર (अ.) उद्यमसे, धन्देसे ।

રોજગારી (वि.) उद्यमी, जिसे अपने उदर पोषणकेलिये काम हो ।

રોજનામું (सं.) दैनिक हिसाबकी किताब, डायरी, दैनिक पुस्तक (जिसमें हिसाब लिखा जाता हो ।)

રોજનિશી (सं.) डायरी, दैनिक कुल पुस्तक रोजनामचा ।

રોજમેળ (सं.) देखो રોજનામું ।

રોજરોજ (अ.) दिनप्रति दिन, नित्य हमेश, सदा ।

રોજનદાર (सं.) नित्य कामपर आने वाला मजदूर, दाहक्या ।

રોજી (सं.) धन्धा रोजगार, उदर पोषणका ढंग, आजीविका, गुजर, पैदायश, आय, आमद ।

રોજેજવું (क्रि.) मजूरी जाना, रोजाना मजदूरीपर जाना ।

રોજેરાખવું (क्रि.) दैनिक मजदूरी पर रखना । [दिन ।

રોજેકયામત (सं.) प्रलयका

રોજો (सं.) मुसलमानोंका उपवास व्रत, मकबरा, कबर ।

રોઝ (स.) एक प्रकारका जंगली तृण भोजी पशु, नीलगऊभी कहते हैं ।[रत, जो कुछभी न समझे ।

રોઝભેંવો (वि.) जंगली, जड़भ-

રોટલી (सं) रोटी, फुलका, चपाती, खानेका पदार्थ, गुजर, निर्वाह ।

રોટલો (सं.) मोटी रोटी रोट, टिक्कड़, ज्वारया बाजरेकी रोटी ।

રોટલોભાળવો (क्रि.) काम बिगाड़ डालना, गड़बड़ कर डालना ।

રોટલાબવા=दोपतंगोंके लड़ाते समय जब पेंच होजाते हैं तब यह वाक्य प्रयोग करते हैं । [दुक भिड़ना ।

રોટલાબોગાવવું (क्रि.) जानेकी

રોટલાસ્નાનકરવું (क्रि.) भोजन-के लिये स्नान करना ।

રોટલેરડતી (अ) भूकों मरती ।

રોટલોકરવો (क्रि.) खूब पीटना, चूरा करदेना, संहार करना । [रोना ।

રોટલોઘડવો (क्रि.) नाम पर-

રોટલોજવો (क्रि.) रोजगार जाना, उद्यम रहित होना, गुजारा बंद होना ।

રોટલો ટાળવો (क्रि.) चलता रोजगार बन्द होना, पेटपर लात मारना ।

રોટલો તુટવું (क्रि.) रोजगार बन्द होना, चलता धन्धा रुक जाना ।

રોટલો બગાડવું (क्रि.) चलता रोजगार खराब करना, हानि पहुंचाना ।

રોઠી (सं.) हलके दर्जेकी सुपारी ।

રોડું (सं.) ईटका टुकड़ा, मिट्टी काढेला ।

રોઢું (सं.) एक बड़ाकण्डेकी टुकड़ा, मोटा कण्डा, छाणा, ऊपळा ।

રોઢો (सं.) पूर्ववत् ।

રોણુ (सं.) फिसाद, तूफान, झगड़ा, विवाद, टण्टा, वाक्युद्ध ।

રોદડાં-ણું (सं.) दुख की बात, शोक भरी बातें ।

રોદડાં રોવાં (क्रि.) रोते हुए अपनी दुःख कथा को वर्णन करना ।

રોદન (सं.) देखो રૂદન ।

રોધ (सं.) रोक, रुकावट, विरोध ।

રોધવું (क्रि.) रोकना, अटकाना, बन्द करना, विरोध करना ।

રોન (सं.) दोचार सिपाहियोंके साथ रात्रिके समय जांचके लिये निकळना रातका पहिरा । [भपका ।

રોનક (सं.) तेज, कांति, शोभा ।

રોપ (सं.) पौधा, छोटा वृक्ष, जड़, मूळ, मिथ्याडंबर, ठाठ, ढोंग, रोब, तेज । [मूळ लेना ।

રોપબાઝવો (क्रि.) जड़ेलेना,

રોપણી (सं.) बोवनी, पेड़ोंको लगाना, पौधोंको बोना या जमाना ।

રોપવું (क्रि.) भूमि में अन्न बोना, पौधे की जड़ जमीन में गाड़ना, बीज बोना, नींव डालना, शुरूआत करना, बुनियाद डालना ।

રોપો (सं.) देखो રોપ ।

રોફ (सं.) देखो રોભ ।

રોફી (वि.) भड़कदार, आडम्बरी, दिखाऊ, शेखी, गर्विष्ठ, दांभिक ढोंगी ।

રોભ (सं.) भड़क, आडम्बर, ढोंग, दबदबा, गर्व शेखी ।

રોભડ (वि.) मूर्ख, बुद्धिहीन, गंवार अरसिक, निरानन्द।

રોભડી (सं.) एक प्रकारका आभूषण जिसे स्त्रियां धारण करती हैं।

રોમ (सं) लोम, रुआं, बाला। केश, पश्म मुलायम छोटेछोटे बाल।

રોમકૂપ (सं) रोमकी जड़काशरीरस्थ छिद्र, रुएंकी जड़का, रोमका छिद्र। [पिक, नापित, हज्जाम

રોમક્ષુ (सं.) नाई, नौआ, ना-

રોમહર્ષ (सं) पुलक, रोंगटे खड़े होना।

રોમાંચ (सं.) रोमोंका खड़ा होना, भय आश्चर्य तथा हर्षसे रोंगटे खड़े होना।

રોમાંચિત (वि.) पुलकित, रोमांच युक्त, भयभीत, प्रसन्न।

રોમાવલી (सं.) रोमश्रेणी।

રોવણ (सं.) रोदन, विलाप, रोना।

રોયથી (सं) लंगर, (जहाज ठहरानेका)।

રોયો (वि.) पिटा, कुटा, रोयाहुआ।

રોલ (सं.) समुद्रीबीमारी, चक्कर, सिरघूमना, चिंता, शोक, रजिस्टर, केटलाग, एक प्रकारका रेशमी, वस्त्र।

રોંચું (वि.) मूर्ख, मूढ़, मतिमन्द, शठ।

રોવડાવવું (क्रि.) रुलाना, विलपाना।

રોવું (क्रि.) रोना, विलाप करना, ठगाना, ठगे जाना।

રોશન (वि.) जाहिर, प्रकट, प्रकाशित, खुला, प्रत्यक्ष।

રોશન વાળવું (क्रि.) बहुत हानि करना, धूलधानी करना, नष्ट करना।

રોશનથવું (क्रि.) प्रकट होना, जाहिर होना, प्रकाशित होना।

રોશનાઈ (सं.) मसि, स्याही, रशाही, चमक, दमक, प्रकाश, कांति।

રોશની (सं.) प्रकाश, उजाला, तेज दीप्ति, द्युति, दमक, चमक, स्याही।

રોષ (सं.) क्रोध, गुस्सा, कोप, रिस, अप्रसन्नता, नाराजी।

રોહિણી (सं.) चतुर्थ नक्षत्र, शकटाकारमें पांच तारोंका समूह।

રોહિતાશ્વ (सं.) अग्नि, आग, हुताशन।

રોળ (सं.) घबराहट, हैजा, प्लेग, शोर, हल्ला, गुल्लपाड़ा, अव्यवस्था, गड़बड़, भयजनक कार्य।

રોળચાળવો (क्रि.) महामारी फैलना, हैजाचलना, प्लेगआना ।

રોળવાળવી (क्रि.) आफत फैलाना रुलाना, अत्यंत हानि पहुंचाना।

રોળવાવું (क्रि,) चिढ़ना, गुस्से होना, खिझना ।

રોળાવું (क्रि.) मसलना, निचोडना दबाना, कुचलना, मथना, साफ करना ।

રોળાવું (क्रि.) खदडना, नीचे चक्कर खूबमारखाना, थकना ।

રોળાંડોળાંવેળા (सं.) संधिप्रकाश संध्याकाल, मन्दप्रकाश. मुखदीख सकने योग्य, प्रकाश, ब्रह्ममुहूर्त ।

રોળો (सं.) हल्ला, बकबक झकझक भांजगड, पंचायत, कमाई पैदा ।

રૌદ્ર (वि.) भयानक, भयंकर, (सं.) रस विशेष ।

રૌદ્રરસ (सं.) नवरसमेंसे एक विशेष (नाटक तथा काव्यमें क्रोधोत्पन्न रस । [कष्टदायकनर्क।

રૌરવ (सं.) नरकविशेष, असंत

લ

લ—गुजराती वर्णमालाका ३९ वां अक्षर, २८ वां व्यंजन अक्षर, अंतस्थ अक्षरोंमें का एक ।

લઇ આવવું (क्रि.) ले आना, लाना, प्राप्त करलाना । [करना ।

લઇ જવું (क्रि.) लेजाना, सहन

લઇ પડવું (क्रि.) लेपड़ना, लपेटना, उलझाना, फंसाना, पकड़ना, गिर पड़ना, ऊपर आना ।

લઇ બેસવું (क्रि.) लेबैठना, कब्जा करना, अधिकारमें करलेना, आरंभ करना ।

લઇ મુકવું (क्रि.) पकड़ना, ले रखना, रखछोड़ना, तय्यार रखना ।

લઇ લેવું (क्रि.) लेलेना, वापिस लेना, पकड़ना ।

લઈઓ (सं.) देखो લાઈ ।

લકવો (सं.) एक प्रकारका रोग, वात रोग विशेष, पक्षाघात, जिस रोगमें कोई अंग बांका होजाता है और जीभको भी तुतलापन आजाता है, अर्धांगवात ।

લકાર (सं.) 'ळ' अक्षर "ल" का उच्चारण ।

લકીર (सं.) रेखा, धारी, चिन्ह, पंक्ति, पांति, लाइन, सतर, रूल ।

લકુંદરો (सं.) रंडीबाज, इश्की, व्यभिचारी, छैला ।[नफा, फायदा ।

લકુંબો (सं.) लाभ, मुनाफा,

લકુટિ (सं.) लकुट, छड़ी, लाठी, यष्टि ।

લક્કડ (सं.) काष्ठ, काठ, लकड़ी, कुन्दा, म्याल, शहतीर, धरण, इमारती, लकड़ी ।

લક્કડકામ (सं.) लकड़ीका काम, सुतारका काम, बढ़ईका धन्धा ।

લક્કડકોટ (सं.) लकड़ीका बनाया हुआ किला । वह बंदर जहां जहाजमेंसे लक्कड़ उतरते हों । लकड़ियोंसे बनाया हुआ बाड़ा ।

લક્કડખોદ (सं.) इस नामका एक पक्षी होता है, जो अपनी चोंचसे लकड़को छेद कर अपने खानेको कीड़ा निकाल लेता है । कठफोड़ा पक्षी, खाती चिड़ा ।

લક્કડધક્કડ (क्रि. वि.) सपाटे बंद, घन घोर, अगड़बंब । [लेना ।

લક્કડધક્કડલેવું (क्रि.) सपाटेमें

લક્કડશી (सं.) एक प्रकारके लड्डू, बिना घीके लड्डू, (वि.) कठोर कठिन, सख्त ।

લક્કડિયું (सं.) वह काठकी सन्दूक जिसमें रोज रसोई खर्चेका मसाला पड़ा रहता है । काठका वह पात्र जिसमें गुड़ाखू इत्यादि तमाखू पड़ी रहती है । (वि.) कठोर, सख्त । [क्षी एक जाति ।

લક્કી (सं.) कबूतर नामका प-

લક્ષ (सं.) ध्यान, एकाग्र दृष्टि, चित्त, निशान, दृष्टि, निगाह, (वि.) संख्या विशेष, लाख, सौहज़ार ।

લક્ષણ (सं.) चिन्ह, पहिचान, स्वभाव, प्रकार, रीति, भांत, छाया, रूपक, चाल चलन, आचरण, वर्ताव, गुण, दिखाव, शील, रूप, आदत, व्यसन ।

लक्षणवंतुं (वि.) शुभ चिन्हयुक्त, सुलक्षणयुक्त, गुणी योग्य, कार्यपटु, चतुर, प्रवीण, विचक्षण, क़ाबिल ।

लक्षणा (सं.) शब्दकी शक्ति विशेष, शब्दार्थसे सम्बन्ध रखने वाले, अध्याहार, पदन्यूनता । [अवश्य ।

लक्षवसा (अ.) जरूर, निश्चय,

लक्षवुं (क्रि.) धारना, निश्चय करना, ताकना, निशाना बाँधना, इरादा करना, आशा रखना, राह देखना, अंदाज लगाना, ढूँढना, जानना ।

લક્ષાધિપતિ (सं.) लाख रुपयों की सम्पत्ति सम्पन्न पुरुष ।

લક્ષાધિશ (सं.) पूर्ववत्

લક્ષાવધિ (अ॰) लाखों, बहुत, जिनकी संख्या लाखों की हो ।

લક્ષી (वि.) ध्यान रखनेवाला, सावधान, चौकस, एकाग्र, एकचित्त

લક્ષ્મી (सं.) विष्णुप्रिया, इन्दिरा, कमला, हरिवल्लभा, ऐश्वर्य्य, धन, सम्पत्ति, दौलत, धनकी अधिष्ठात्री देवी, शोभा, भाग्यशीला स्त्री, यह लक्ष्मी दस प्रकारकी कहाती है (१) नकदद्रव्य, (२) स्त्री, (३) पुत्र (४) बरतन भांडे (५) रहने का घर (६) गाय भैंस आदि (७) वाहन, (८) सुख (९) जागीर और, (१०) यश । अथवा धन, धान्य, पशु, पुत्र, गृह, आरोग्यता, उद्यम, यश, सन्तोष और ज्ञान ।

-લક્ષ્મી ચાંલ્લો કરવા આવે ત્યારે -મોં ધોવા જાવું=जब लाभ होनेकी आशाकी जावे तब निरुद्यमी बनकर बैठ जाना ।

-લક્ષ્મીપુજન (सं.) आश्विन कृष्णा १३ को धनकी पूजा लोग करते हैं । गुजरातमें आश्विन और अन्यत्र उस महीनेको कार्तिक लिखते हैं । गुजरात और अन्यप्रांतीय मासमें १५ दिनका अंतर होता है अतएव, दीपमालिका, धनतेरस, दिवाली ।

લક્ષ્મીવત-વાન (सं.) धनाढ्य, धनिक, धनी, दौलत मन्द, श्रीमंत, धनपात्र ।

લક્ષ્ય (वि.) ध्यान देने योग्य, निशाना, ताकने लायक, देखने योग्य ।

લખ (वि.) लाख, लक्ष (सं.) लत, छंद, लक्ष्मी, सौ हजार ।

લખણ (सं.) लिखाहुआ, लक्षण, चिन्ह ।

લખણી (सं.) लिखनेकी क्रिया । सूची । દેખો લખાણ ।

લખત (सं.) सनद, लेख, पट्टा ।

લખતંગ-ખિતંગ (वि.) लिखनेवाला । लिखावट ।

લખપતી (वि.) देखो લક્ષાધીશ ।

લખલખ (अ.) तीक्ष्ण, स्वच्छ, साफ ।

લખલખ અજવાળું (सं.) अत्यंत प्रकाश, बीचबीचमें, चमटकर बोलना ।

ઝળઝળવું (क्रि.) किरणों के साथ प्रकाश होना, जगमगाना, कांपना, थर्राना, धूजना। [होना।

ઝળઝળવું (क्रि.) फटना, पीड़ा

ઝળઝળાટ (सं.) जगमगाहट, डर, भय, तेज।

ઝળઝળિત (वि.) चमकदार, जगमगाता हुआ, प्रकाशित, भपकेदार।

ઝળહૂટ (सं.) अधिकता, बहुतायत, विपुलता।

ઝળવું (क्रि.) लिखना, रचना, जोड़ना चित्र बनाना, खोदना, अंकित करना, ध्यानपूर्वक देखना। नकल करना।

ઝળવો (क्रि.) देखो ઝડવો

ઝખાઇ-મણ-ણી (सं.) लिखने का मेहनताना, लिखाई, लिखनेकी मजदूरी, लेखकका वेतन।

ઝખાણ-વટ (सं.) लिखावट, लिखनेकाढंग, इबारत, श्रुतलिपि, दाखिला, दस्तावेज, प्रार्थना पत्र, अर्जी, सनद। [की झिक झिक।

ઝખારો (सं.) बकबक, व्यर्थ-

ઝખાવટ (सं.) देखो ઝખાણ।

ઝખાવવું (सं) लिखना, कूदपड़वा, (कार्यमें) उतरवाना। [होना।

ઝખાવું (क्रि.) पड़ना, कमजोर

ઝખિત (सं.) भाग्य, भावी, लिखालेख, लिखा हुआ, दस्तावेज, ठहरा हुआ। [लेखक।

ઝખિવંત (वि.) लिखनेवाला,

ઝખીઆપવું (क्रि.) लिखकर देना, सनद देना, सर्टीफाय करना।

ઝખુંપતરૂં (सं.) लिखित, लेख, दस्तावेज। [ઝખપતી।

ઝખેશ્રી-ષરી-સરી (वि.) देखो

ઝખોટવું (क्रि.) मुलम्मा करना, पालिश करना, कलई करना।

ઝખોટી (सं.) लाखकी बनी हुई छोटीगोली।

ઝખોટા (सं.) लाखकी बड़ी गोली, प्रायः बच्चे और लड़कियां इससे खेला करते हैं। बन्द कियाहुआ या मुहर चपड़ी किया हुआ कागज।

ઝખ્યાં (देखो) દેવાઝખત।

ઝખ્ખણ (सं.) देखो ઝક્ષણ।

ઝગ (सं.) सीधी पतली लकड़ी जो छप्पर बनाते समय काममें लाई जाती है। (अ.) तक, लौं, तलक।

લગડી (सं.) सोनेकी छड़, स्वर्णका पासा ।

લગડું (सं.) गधेके ऊपर बोझा लादनेका थैला, गधे परका बोरा, गदहेके पीठपर चौखूंटा लकड़ीका वजन भरनेका । गधा, गदहा, गर्दभ, रासभ, ख, बोझा, वज़न ।

લગણ (अ.) सीमा , मर्यादा, हद्द, सूचक शब्द, तक, तलक, लों ।

લગત (सं.) सम्बन्ध, मेळ, जान पहिचान, समीपता, घरोपा, (वि.) देखो લગતું । (अ.) पासही, निकटमें नजदीक ।

લગતી (सं.) पक्ष, तरफ, शर्म, (अ.) अड़कर, सटकर, पास· सेही ।

લગતું (वि.) सम्बंधी नाते रिश्तेदार, समीपी, प्रेमी, निकट सम्बन्धी ।

લગદી (सं.) लुगदी. लुबदी ।

લગન (सं.) विवाह, शादी, लड़के लड़कियोंका गार्हस्थ सम्बन्ध, प्रेम संबंध, पांच घड़ीका काल, लगभग दोघंटोंका समय, रातदिनमें १२ मुहूर्त होते हैं, प्रेम, पाणिग्रहण, परिणय ।

લગનલેવું (क्रि.) विवाहका दिवस निश्चय करना । विवाहका मुहूर्त ठहराना । [तय्यारी करना ।

લગનમાંડવું (क्रि.) विवाहकी

લગનકરવું (क्रि,) विवाह करना शादी करना ।

લગનજોવું (क्रि) वरकन्याकी जन्म पत्री देखकर विवाहका दिन और समय निश्चित करना ।

લગનઘડીયાલેવા (क्रि.) जैसे बने तैसे जल्दीसे विवाह करना ।

લગનનાગીત લગનમાં ગવાય = हरेक वस्तु मौसिममेंही मिलती है ।

લગન કરી જુવો ને ઘર ઉકેલી જુવો = कहनेसे करना कठिन है ।

લગને લગનેકુંઆરા = हरेक बातमें तय्यार ।

લગનગાળો (सं.) वह समय जिसमें कुछ अंतरसे बहुतसे विवाह हों ।

લગનચોઘડિયું–ઘડી (सं.) विवाह के समय की घडी (चार घडीका एक चौघडिया होता है) लमघटी ।

લગનપડો (सं.) रोली, कुंकुम हरिद्रा या अन्यमांगलिक वस्तुका पुड़ा जो वरकी तरफसे विवाहके दिनों में कन्या के यहां भेजा जाता है ।

લગનસરા-સારા (સં.) देखो લગનઆળો ।

લગનિયો (સં.) कन्याका कोई सम्बन्धी जो वर को बुलाने जावे, मामा इ० । [युक्ति, प्रबन्ध ।

લગની (સં.) लय, ध्यान, लगन,

લગભગ (અ०) आसपास, निकटही, प्रायः, करीब, अन्दाजन ।

લગરીએક-રીક (वि.) थोडा, कुछ, जराक्, कुछेक, तनिक ।

લગવાડ (सं.) सम्बंध, प्रेम, आशिक माशूकोंका प्रेम, प्रीति, आसक्ति ।

લગાડવું (क्रि.) लगाना, छुआना, टिकाना, नौकरी पर करना, सुलगाना, चुपड़ना, अर्थ करना, भाषांतर करना, सीना, चिपकाना, ध्यान देना, मानना, मारना, ठोंकना ।

લગામ (સં.) घोड़ेको वशमें रखने के लिये उसके मुहमें लगाने के लिये कड़ियोंदार लोहेका टुकड़ा जिन कड़ियोंमें चमड़ेकी रस्सी या सूत सन आदिकी रस्सी डालते हैं और जिसे थामकर घोड़े को काबुमें रखते हैं, अंकुश, मर्यादा, सत्ता, अधिकार, बंधन, रोक, अटकाव । [ढीलदेना ।

લગામઆપવી (क्रि.) छोड़ना,

લગામ છૂટી મૂકવી (क्रि.) वशमें नहीं रखना, स्वेच्छानुसार फिरने देना, स्वतंत्रता देना ।

લગામ હાથમાં આવવી (क्रि.) अधिकारमें आना, हाथआना ।

લગામમાં રાખવું (क्रि.) अधिकारमें रखना, मर्य्यादामें रखना ।

લગાર-રેક (अ.) थोड़ासा, ज़रा, कुछेक, कुछदूर, तनिक, अल्प ।

લગાવવું (क्रि.) चुपड़ना (दवाई), मारना, भिड़ाना स्त्री संभोग करना, मैथुन करना ।

લગી (अ.) तक, समय पर्य्यंत ।

લગે (अ.) पूर्ववत् (विस्मया.) यह शब्द साहस बढानेके लिये बोला जाता है जैसे लगे लगे । छू लगे छू लगे ।

લગોલગ (अ.) नजदीक, पासही निकट, सटकर, एक दूसरेके समीप ।

લગ્ગુ (अ.) जो पांछे लगाहो पास, समीप, निकट । [न्तर ।

લગ્યું (अ.) बाद, पश्चात्, अन-

લગ્ન (सं.) देखो लगन।

લગ્નકાર્ય (सं.) विवाह कार्य।

લગ્ન કુંડળી (सं.) जन्मपत्री, जन्मते समयपर गणित करके द्वादश गृहोंमें यथा स्थान गृहोंको रखकर एक पत्री बनाना (ज्योतिष विषय)।

લગ્ન ઘટિકા (सं.) वह घड़ी जिसमें वर कन्याका पाणिग्रहण होता है।

લગ્નતથ-તથી-તિથી (सं) विवाह दिवस, पाणिग्रहणका दिन।

લગ્નપત્રિકા (सं. जिस कागज पर विवाह करनेका शुभ समय लिखा हो। पोली चिठ्ठी, लग्नचिठ्ठी।

લગ્નમંડપ (सं.) एक अस्थायी मंडवा जो विवाह संस्कार के समय बना लिया जाता है। वैवाहिक वितान।

લગ્નમૂહુર્ત (सं.) विवाहकी घड़ी, फेरोंका समय, पाणिग्रहणका वक्त।

લઘિમા (सं) लघुता, छोटाई, छोटापन, लाघव, अष्ट सिद्धियोंमें से एक।

લઘુ (वि.) छोटा, हलका, ह्रस्व-वर्ण, अल्प, तुच्छ, सरल, सुगम, सहल, एक मात्रिक स्वर । ठिंगना, नाटा।

લઘુકોણ (सं.) छोटाकोना।

લઘુતા-ઈ (सं.) छोटापन, छुटाई, नीचता, निचाई, ओछापन।

લઘુત્વ (सं.) पूर्ववत्।

લઘુનીતિ (सं.) लघुशंका, कम-लाज युक्त कार्य।

લઘુલાઘવી (सं.) पेचीदा तदबीर, प्रपंच, पेच, दांव, युक्ति, छलछंद।

લઘુવૃત્ત (सं.) छोटा गोलचक्कर।

લઘુશંકા (सं.) जिस काम में कुछ शरम आती है, पेशाब करना, मूतना, प्रस्राव करना, नाड़ाछोड़ करना।

લટકવું (क्रि.) झूलना, टंगना, हिलना, भूमि से ऊपर किसी वस्तुको पकडकर रहना, गले में फांसी डालकर मरना, गिरने के योग्य होना, नीचा झुकना, निराधार होना, भटकना। लटकना।

લટકાવવું (क्रि.) हिलाना, झुलाना, टांगना, लटकाना, फांसी देना या चढ़ाना।

લટકાળુ (वि.) हावभावयुक्त, नाज नखरेवाला, लटका करनेवाला।

લટકું (સં.) हावभाव, अंगभंगी, नाज़, नखरा, अदा, बनावटी चाल, लचक।

લંક (वि.) धनाढ्य, धनी, श्रीमंत, तर, पतली कमर।

લંક લાગવું (क्रि.) धनवान होना, पैसा होना।

લંક લગાડવું (क्रि.) धनवान बनाना।

લંકા (सं.) इतिहासप्रसिद्ध राक्षसेन्द्र रावणकी राजधानी, सीलोन, वृक्ष, घर बन्दर राक्षस इत्यादि बारूदके बनाकर जिसमें एकदम आग लगा देते हैं वह आतिशबाजी।

લંકા કરવી (क्रि.) सुलगाना, भड़काना, आग लगाना।

લંકા લૂટવી (क्रि.) बहुत धन प्राप्त कर लेना।

લંકાની લાડી(=)बहुत दूरकी कन्या।

લંગડ (वि.) लंगड़ा, लूला, पंगु, पंगुला।

લંગડાવું (क्रि.) लंगड़ाकर चलना।

લંગડું (वि.) देखो લંગડ।

લંગર (सं.) जहाज़ या नाव ठहराने के लिये लोहेका बना हुआ भारी कांटा, पैरों में पहिनने का एक आभूषण विशेष। वह रस्सीया डोरी जिसके एक सिरे पर कुछ वज़न बंधा हो। लड़के प्रायः ऐसी डोरियां बनाकर आपस में फेंककर, उलझाकर खेलते हैं।

લંગરવું (क्रि.) लंगर डालना, जहाज़ अथवा नाव ठहराना।

લંગરી (सं.) बच्चों के पैरों में पहिनाने का घुंघरूदार आभूषण विशेष। [डेकी चाल।

લંગાવું (क्रि.) लंगड़ाना, लंग-

લંગૂર (सं.) वानर विशेष, बड़ी पूंछवाला बन्दर, लङ्गुराबन्दर, काले मुख और हाथपांवका बन्दर, पूंछ, पुच्छ, लांगूल, दुम।

લંગૂરિયું (सं.) पूंछ, पुच्छ, दुम, बन्दर, बड़ी पूंछवाला बन्दर, मर्कट, कपि बानर।

લંગુલ (सं.) पुच्छ, पूंछ, दुम, लांगूल, कपि, बन्दर, वानर, मर्कट, लंगुर कीश।

લંગોટ (सं.) कछोटा, लंगोटी, रुमाली, जांघिया, लिंग, और गुदा इंद्रियोंके गोपनार्थ वस्त्र विशेष।

લંગોટબંધ (वि.) जिसने स्त्री प्रसंग कभीभी नहीं कियाहो, ब्रह्मचारी, यती, जितेन्द्रिय, पवित्र, निर्दोष, जती।

लंगोटियो (सं.) बालसखा, बालमित्र, बाल्य कालका मित्र, बाबा, फक्कड़, वैरागी, तपस्वी, साधु, फकीर, जोड़ीदार, साथी, यारबाश, समवयस्क। [दोस्त।

लंगोटियोमित्र (सं.) बचपनका

लंगोटी-टो (सं.) कमरमें बंधे कटिसूत्रमें अटकाकर लिंगेन्द्रिय ढंके उतनी चौड़ी लम्बी कपड़ेकी धिन्धी। कौपीन, कछनी, करधनी।

लंगोटीभारवी (क्रि.) वैरागी। होना, अपने पासका सब मालमत्ता खो बैठना। खाली हाथों होना।

लंघन (सं.) लांघना, पार करना, उछाल, कूद, उपवास, अनाहार, फाका संयमन, निवृत्ति परहेज।

लंघवुं (क्रि.) लांघना, फांका, करना, उपवास करना, अनाहार करना, व्रत करना पार करना।

लंधी (सं.) रोनेको आनेवाली स्त्रियाँ (कई जातियोंमें रोनेको किराये पर स्त्रियां बुलाई जाती हैं।)

लंघो (सं.) सहनाई बजानेका धन्धा करने वाला मुसलमान।

लंबोरु (वि.) रूप संपन्न (स्त्री)।

लचक (सं.) नवन, झुकाव, लचीला।

लचकवुं (क्रि.) लचकना, नमना, झुकना लचना, अंग भंगी करना।

लचक लचक (अ.) बड़ेबड़े ग्रास खाकर जल्दी जल्दी (खाना)।

लचको (सं.) पोचा और ढीला पदार्थ, (वि.) गाढा, ढीला, पोचा, नर्म। [लगाना, लपेटना, पोतना।

लचडवुं (क्रि.) चुपड़ना, रगड़ना,

लचंड-लचांड (सं.) सिर फुटौवल कराने वाला (मनुष्य अथवा कार्य इ०)।

लचपच (वि.) चिकना, गीला, तर।

लचलचवुं (क्रि.) देखो लचवुं।

लचवुं (क्रि.) बीचमेंसे थोड़ासा झुक जाना, नमना, टेढा होना, लचकना शरण होना, अधिकारमें होना, झुकना।

लंछन (सं.) देखो लांछन।

लछ (सं.) मांजा, काच पीसकर सरेस या लही इत्यादिमें मिलाकर धागेपर चुपड़ा हुआ धागा, जो पतंग उड़ानेके लिये विशेषतया बनाया जाता है।

लजववुं (क्रि) लज्जित करना, शरमिंदा करना लजाना, शरमाना।

लजवावुं (क्रि.) लज्जित होना, शरमिंदा होना। सिर झुकाना।

लजामणी (सं.) एक प्रकारका वृक्ष जिसे पुरुष अथवा वेश्या स्त्रीका स्पर्श होतेही सारे पत्ते सिमिट जाते हैं, लाजवंती, लजवंती, लज्जावंती। जिससे लज्जा उत्पन्न हो।

लजामणुं (वि.) जिससे लाज पैदा हो, लजानेवाला।

लजववुं (क्रि.) शरमाना, लज्जित करना, नीचा दिखाना।

लज्जा (सं.) शर्म, व्रीड़ा, त्रप, लाज, संकोच, शील, मर्यादा, विनय, नम्रता, अपकीर्ति, कलंक, अपमान।

लज्जायमान-वान (वि) मर्यादशील, निरभिमानी, विनयी, शरमदार।

लज्जाळु (वि.) लज्जावाला, संकोची, लजवंतीका पौदा।

लज्जाशील (वि.) देखो लज्जायमान। [माया हुआ।

लज्जित (वि.) व्रीडित, शर-

लट (सं.) लहरी केश, सिरकेबालोंकी एक गुछली, मस्तकके बालोंका उलझा हुआ एक गुच्छ। फंदा, पाश, जाल, पेच उलझन। मोतियोंकी लड़ी।

लटक (सं.) ढंग, रीति, भांति, प्रकार।

लटकणुं-णियुं (सं.) झूमर, झूमका, लटकनेवाली कोई वस्तु, लटकन।

लटकतीचाल (सं.) अलबेली चाल, अदापूर्ण चाल, लचकदार चाल।

लटकतुं (वि.) लटकता हुआ, निराधार, निराश्रय, अधबीचका, निरुद्यमी।

लटकतुं मुकवुं (क्रि.) निराधार छोड़ना, मंझधार छोड़ना, उद्यमहीन करना।

लटकाववुं (क्रि.) फांसी चढ़ाना, लटका देना, मुअत्तिल करना।

लटको (सं.) नखरा, अदा, हावभाव, अंग भंगी, टुटका, टोना, जन्तर मंतर।

लटकोअटको (अं.) अचानक, अकस्मात् दैवयोगसे, योगात, दैवात, प्रसंगात्।

लटपट (वि.) हुनरी, गुणी, चालाक, मक्कार, नटखट, चंचल।

लटपटाई (सं.) गुण, चालाकी, चांचल्य, मक्कारी, नटखटपन।

લટપટ (अं.) यह शब्द तोते के साथ बातचीत करते समय "लट. पट पंछी" कहके प्रयोग करते हैं। झटपट। जल्दी।

લટપટ કરવી (क्रि) भूल छुपाने के लिये जल्दी करना, घसड पसड़ करना।

લટપટિયું (सं.) उस्तरा तेज करने के लिये चमड़ेका टुकडा। कोथली, पेटी। (वि.) चंचल, उतावला, जल्दबाज।

લટપટિયાંકર–नाईका कामकर।

લટર (सं.) पुष्पकी रेखाएँ, फूल में की लकीरें, भटकना।

લટવું (क्रि.) लगना, भिड़ना, जुटना, हटना, सरकना, समझ जाना, सकुचाना।

લટિયાં (सं.) बहुतसी बालोंकी गुछलियाँ, लटें, उलझे हुए बालों की बत्तियाँ।

લટિયાં પિંખવાં–પસવવાં (क्रि.) मार डालना, कुचल डालना।

લટિયાં ગુંથવાં (क्रि.) भीतरही भीतर खूब घनिष्ठ सम्बन्ध होना।

લટુરી (वि.) लटकती, झूलती, आनंद में नाचती हुई।

લટ્ટુ (वि.) मोहित, आसक्त, जो एक ही विषय में फँस रहा हो, तल्लीन, तन्मय, विषयान्ध, पागल, मुग्ध, (सं.) भौंरा, भ्रमर. एक प्रकारका खिलौना। यह गोल काठका होता है नीचे एक छोटी सी नोंकदारकील लगी होती है, इसको रस्सी लपेट कर घुमाते हैं। शांत, चुप. स्तब्ध, शिथिल।

લટ્ટુ થઈ જવું (क्रि.) मुग्ध हो जाना, तल्लीन हो जाना।

લઠ–ઠ્ઠ (सं.) लाठी, सोटा, डण्डा, यांग, डाँग, लुहाँगी। (वि.)मोटा, स्थूल, पुष्ट, बलवान हृष्टपुष्ट।

લઠિંગો (सं.)लठ्ठ,लुच्चा,बदमाश,

લઠ્ઠો (सं.) लाठी, सोंटा, लम्बा डण्डा, एक प्रकारका कपड़ा, (मोटा नादरपाट) (वि.) बलवान, भारी, पुष्ट, फिसादी।

લડકણું (वि.) टंटाखोर, झगड़ालू, फिसादी, तकरारी, लड़ाका।

લડત (सं.) तकरार, फिसाद, झगड़ा, विवाद, मुकद्दमा, लड़ाई।

લડથડવું (क्रि.) ठोकर खाना, भूलना, चूकना, आपड़ना, तुतलाना, हकलाना, लड़ खड़ाना, डगमगाना, हिच किचाना।

લડથડિયું (सं.) ठोकर, चूक, भूल, ठेस ।

લડધું (वि.) बड़ा (सं.) तोफानी, आवेशी, मोटाताजा ।

લડથડવું (क्रि.) ठोकर खाकर गिर पड़ना झूलना, लटकना ।

લડથડિયું (वि.) ठोकर खाकरभी दौड़ पड़नेवाला, हड़बड़िया ।

લડવાડ (सं.) लड़ाई, तकरार, झगड़ा ।

લડવું-ઢવું (क्रि.) लड़ना, झगड़ना, फिसादकरना, कलहकरना, विवाद करना, टंटा करना, युद्ध करना, रण करना, संग्राम करना, समर करना, मुकद्दमा लड़ना ।

લડવૈયો (सं.) भट, वीर, योद्धा, अच्छा लड़ाका, बहादुर, मल्ल, पहलवान ।

લડસડવું (क्रि.) झूलना, लटकना ।

લડાઈ-ઢાઈ (सं.) युद्ध, संग्राम, संगर, रण, अनबन, फिसाद, झगड़ा, टंटा, विवाद, संघर्ष, मुकद्दमा, मुठभेड़ ।

લડાઈ વેચાતી લેવી (क्रि.) दूसरे की लड़ाई में फँसकर स्वयम् लड़ने लगना ।

લડાઈ-ખોર-રી (वि.) झगड़ालू, फिसादी, विवादी, लड़नेवाला, तकरारी ।

લડાઉ-ઊ (वि.) लड़ने योग्य, रणधीर, रणशूर, योद्धा, रणदुर्मद ।

લડાલડ-ડી (सं.) देखो લડાઈ

લડાવવું (क्रि.) लड़ाना, भिड़ाना, जुझाना, लड़ाई कराना ।

લડું (सं.) सुनारके कामका एक प्रकारका ताम्बेका औज़ार ।

લઢું (सं.) देखो લાડું ।

લઢણ (सं.) रीति, ढंग, तर्ज़, ढब, ढांचा, आदत, टेव ।

લઢવું (क्रि.) देखो લડવું ।

લઢાઈ (सं.) देखो લડાઈ ।

લણવું (क्रि.) कतरना, काटना, तोड़ना, लुनना, बालेंबीनना नीचे पड़ा हुआ उठाना, बीनना, फसल काटना, गुणग्रहण करना, फल भोगना, जान लेना, समझना ।

લણનાર (वि.) काटनेवाला, फसल काटनेवाला, भोगनेवाला, मजदूर ।

લંડ (सं.) पुरुषकी मूत्रेंद्रिय, लुच्चा मनुष्य, ठग, धूर्त, शठ, खल, वंचक, लबार, हरामखोर ।

લંડાર (सं.) धूर्त, कपटी, ठग, लुच्चा, बदमाश, दुराचारी, व्यसनी ।

લત (સં.) बान, अभ्यास, बुरी आदत, टेव, चाल, ध्यान, लय, लगन ।

લતા (સં.) बेलि, बेल, बल्ली, बल्लरी।

લતાકુંજ, લતાગૃહ, લતામંડપ (सं) कुटीर, मंडवा, कुंज, बितान, पर्णकुटी, पर्ण शाला, लता भवन ।

લતાડ (સં.) फटकार, धिक्कार, बहाना, छल, लात, पादप्रहार ।

લતાડમારવી (क्रि.) बुरे रास्ते करना, हानि करना ।

લતાડખાવી (क्रि.) पछाड़ खाना नुकसान उठाना ।

લતાડખાઈજવું (क्रि.) युक्ति पूर्वक बदल जाना, कुपरिणाम होता देखकर संभळजाना ।

લતાડવું (क्रि.) खराब करना, बुरी दशा करना, बिगाड़ना, हानि करना ।

લત્તાં (सं.) चिरकुट, चिथड़ा, फटा पुराना कपड़ा, कपड़े ।

લત્તાંલેવાઈજવાં (क्रि.) लुटे जाना, लुटना, नुकसानमें पड़ना, खबर लेनी ।

લત્તો (सं.) गांवकी सीमाका भाग, मुहल्ला, पुरा, बिस्ता, वाड़ा ।

લથડવું (क्रि.) લડથડવું देखो ।

લથડાવવું (क्रि.) देखो લડથડાવવું ।

લથડીઉં (सं.) अचानक अथवा रोगसे चक्करआना, मूर्च्छा, चक्कर ।

લથબથ (अ.) लदफद, पासपास, निकट भेटांभेट, ऊपर नीचे ।

લથરપથર (सं.) खूब लिपटा हुआ।

લદબદ (सं.) ढीला पदार्थ, किसी तरल पदार्थमें लिपटना, (जैसा कीचड़) तल्लीन, मग्न ।

લપકારો (सं.) लपलपकी क्रिया, झटबाहिर आना और अन्दर जाना (जैसी सांपकी जीभ) ।

લપ (सं.) उपाधि, पीड़ा, संताप, आपत्ति, पाप, जंजाळ बारबार कहकर सिरपचाने वाला मनुष्य, विघ्न (अ॰) जल्दीसे, शीघ्रतापूर्वक ।

લપલપને (अ॰) पूर्ववत् ।

લપકો (सं.) सबड़का, सुरड़का, उलाहिना, उपालम्भ, ताना, ढूना मर्म वचन । चिकना और गाढा पदार्थका भाग ।

લપકો ઝપકો (सं.) जो झटपट और सहजहीमें बन जावे ।

લપટ્ટ (सं.) चालमेल, गड़बड़ सड़बड़ चंचल, फुर्तीला, सावधान ।

લપટ (सं.) बौ, दुर्गन्ध, महेक, झपकी, झपट, पेंच. दाव, सपाटा (अ०) तल्लीन मग्न ।

લપટઝપટ (सं.) खींचातानी, पेच युक्त बातचीत ।

લપટવું (क्रि.) सटना, मिलना, लगना, लिपटना, चिपकना, पेचमें लेना । [चाना, फंसाना ।

લપટાવું (क्रि.) लपेटाजाना, लल-

લપટું (वि.) ढीला, नरम, बिगारा हुआ, लालची (मनुष्य) ।

લપડવું (क्रि) लपेटना, चुपड़ना लेसना, लीपना, लेपन करना ।

લપડાક (सं.) थप्पड़, तमाचा, चपत, चपेटीका, धौल, धप, धप्पा ।

લપડાક મારવી (क्रि.) थप्पड़ मारना, तमाचा मारना, धप्पा मारना ।

લપડાક ખાવી (क्रि.) थप्पड़ खाना, ठगेजाना, छलेजाना, हानि उठाना ।

લપડો (सं.) लेपन, पोतना, थेपड़ना ।

લપલપ (सं.) बाहिर आना और अन्दर जाना, सपाटाबन्द, झटझट, शीघ्र, लपरलपर, बकबक, झिखझिख, वाचालता, जबानी बातचीत । [भाम, बकवाद ।

લપલપાટ (सं.) गड़बड़, धूम-

લપલપિયું (वि.) व्यर्थही अधिक बोलनेवाला, झिकी, जल्दबाज, अविचारी ।

લપવું-પાવું (क्रि.)लुकाना, छुपाना, दबकाना, दुबाना ।

લપસણું (सं.) रपटन, फिसलन, चिकना, लुआबदार ।

લપસવું (क्रि.) फिसलना, रपटना गोता खाना, घिसट पड़ना, कूच करना ।

લપાવું (क्रि.) छुपाना, लुंकांना ।

લપાઈ બેસવું (क्रि.) छुप बैठना, दबक जाना, चुपचाप हो रहना ।

લપુક (सं.) लपलप, फैलना तथा सिकुड़ना ।

લપુંડું (वि.) ऐसा मनुष्य जिसके पेटमें बात न रहती हो और बिना पूछे ही बक देता हो । बकवादी, वाचाल, बहुत भाषण करनेवाला, बातूनी ।

લપેટવું (क्रि.) बेठनियाना, लपेटना, पलेटना, वेष्ठन करना, ढकना, सम्मिलित करना, फांदेमें लेना, पकड़ना । [ढके जाना, वेष्ठित होना

લપેટાવું (क्रि.)मिलना, लिपटाना

લપેટો (सं) आच्छादन, आंटा, ढांकन, आवरण ।

લપેડવું (क्रि.) गाढ़ा चुपड़ना, लीपना, थथेड़ना, पोतना, लेसना।

લપેડાવું (क्रि.) थिबड़ना, पुतना, लथेड़े जाना, लिपना।

લપોડ (सं.) शठ, मूर्ख, एक प्रकारकी गाली।

લપોડશંખ (सं.) डपोलशंख, गप्पी, दांन मूर्ख, दम्भी, आडम्बरी।

લપોડો (सं.) बड़ी लिंगेन्द्रिय, बड़ी उम्रके पुरुषकी मूत्रेंद्रिय, लंड।

લપ્પડ (सं.) थप्पड़, तमाचा, चपत, धप।

લપ્પનછપ્પન (सं.) बढाबढाकर वर्णन, अतिशयोक्तिपूर्वक कथन।

લપ્પનછપ્પન કરવી (क्रि.) डंडी पना करना, मिथ्या प्रशंसा करना, कच्चो पक्की करना, तीनपांच करना, खुशामद करना। चापलूसी करना।

લપ્પનછપ્પનિયું (वि.) खुशामदी, चापलूस, मिथ्या प्रशंसक।

લપ્પનછપ્પન (अ.) चुपकेसे, छुपकर, चोरीसे आंखें बचाकर।

લપ્પાદાર (वि.) चौड़े गोटेकी किनारी वाळा, लप्पीदार, गोटेयुक्त।

લપ્પો (सं.) लप्पा, पट्टा, गोटा किनारी।

લફંગાઈ (सं.) धूर्तता, लुच्चापन, गप्पाष्टक, लबारपन, निर्लज्जता।

લફંગુ (सं.) धूर्त, ठग, गप्पी दगाबाज, झूंठा, उद्धत, लबार।

લફડતુ (वि.) लटकता हुआ, बिखरा, खुला, घिसटता (वस्त्र)।

લફડવું (क्रि.) घिसटना, लटकना।

લફરું (सं.) संकट, मुसीबत, पीड़ा, कष्ट, दुःख, साथ लगे हुए मनुष्य, अपने काममें दूसरेका काम आजाना, उळझन, झंझट, बाधा, विघ्न, संकट, रोक, आड़, उपाधि, जंजाळ।

લબ (सं.) होठ, ओंठ, ओष्ठ, लार, मुखका चिकना थूक।

લબડધક્કે (अ०) परवाह न करके अच्छी तरह, उच्छृंखल रीतिसे, ज़ौ रजुल्मसे, बळ पूर्वक, यथाशक्य।

લબડધક્કેલેવું (क्रि.) खूब खबर लेना, बुरी तरह पीपड़ना, लत्ते लेना, खूब डाटना, धमकाना, थप्पड़ और धक्के मारना।

લબડતું (वि.) लटकता हुआ झूलता हुआ।

લબડવું (क्रि.) लटकना, टंगना, झूलना। [काना, झुलाना।

લબડાવવું (क्रि.) टांकना, लट-

લબતડું (वि.) पतला, मुर्दार, निर्बल, कृश, क्षीण । [वाला ।

લબાચિયો (वि.) फटे चिथरों

લબાચો (सं.) फटावस्त्र, चिथड़ा, जीर्णवस्त्र, कथरा ।

લબાડ-ડી (वि.) मिथ्या भाषी, झूट बोलनेवाला, लबार, गप्पी, (सं.) अनृत, अतथ्य, झूंठ, असत्य ।

લબોચું (सं) मुख, मुहं आनन, वदन, जीभ, जिव्हा, बोली, वाणी, वाचा । [संपादित ।

લબ્ધ (वि.) प्राप्त, उपार्जित,

લબ્ધા (सं.) बालबच्चे, परिजन, कुटुम्बके लोग, कुटुम्बी ।

લબ્ધિ (सं.) प्राप्ति, लाभ, हाथ लगाना, हाथमें आना ।

લભ્ય (वि.) प्राप्त करने योग्य, प्राप्तव्य, प्राप्य, प्राप्तिके योग्य ।

લમણું (सं.) कनपटी ।

લમણાઝીકવા (कि,) माठा फोड़ करना सिरपच्ची करना ।

લમણેહાથદેવા (कि.) हिम्मत हारना, आशा भंग होना, साहस छोड़ना ।

લંપટ (वि.) दुराचारी, दुष्कृत, झूठा, असत्यवादी, विषयी, रंडीबाज, कामी ।

લંબ (वि.) लम्बा, दीर्घ, विस्तीर्ण, ऊंचा, बड़ा लंबा, (सं.) समुद्रका पानी नापनेका डोरीमें बांधा हुआ शीशेका वजन । साबल, पानी नापनेका यंत्र, दीवारको सूधी देखनेके लिये डोरीमें बांधा हुआ पत्थर या किसी धातुका गोला ।

લંબકર્ણુ (सं.) गधेडा, गधा, गर्दभ, रासभ, खर, (वि.) लम्बे कानवाला । [कृति ।

લંબગોળ (सं.) अंडाकार, अंडा-

લંબવર્તુલ (सं.) दीर्घ वर्तुल, अंडाकृति । [ऊंचान ।

લંબાઈ (सं.) लम्बाई, लम्बान,

લંબાણ (सं.) विस्तार, फैलाव, लंबाई । [करना, पहुंचाना ।

લંબાવવું (कि.) बढाना, लम्बा

લંબાવું (कि.) सोना, शयन करना, लेटना, लम्बीतानना, वृद्धिहोना, बहुत चलना ।

લંબૂસ-સિયો (वि.) आवश्यकतासे अधिकलम्बा, बहुत ऊंचा, लम्बड़ ।

લંબોચાઈ (सं.) सीधी उंचाई ।

લંબોદર (सं.) गणपति, गणेश, महादेवका लड़का (वि.) मोटे पेटका ।

લય (सं.) नाश, ध्वंश, प्रलय, विनाश, ताल, स्वर, लीन, मग्न, लवलीन, संहार, अच्छेद, ळय, लगन, एकाग्रचित्त, समाजाना ।

લયાનત (वि.) शरम, लानत, नामोशी, बदनामी । [टकैतैं ।

લલકામમાન (वि.) झूलता, ल-

લલકાર (सं.) हांक, पुकार, डांक, बढ़ावा, प्रोत्साहन वाक्य, हुंकार ।

લલકારવું (क्रि.) आह्वान करना, ललंकारना, युद्धार्थ पुकारना ।

લલચાવવું (क्रि.) लुभाना, लह-काना, तरसाना, ललचाना, लोभमें डालना, आकर्षित करना, मोहित करना ।

લલચાવું (क्रि.) लुभना, मोहित होना, ललचाना, लालयित होना ।

લલના (सं.) महिला, नारी, कामकळा, स्त्री, प्रवीणाङ्गी, वामा, कामिनी ।

લલાટ (सं.) मस्तक, सिर, कपाळ, भाग्य, प्रारब्ध, नसीब, तकदीर ।

લલાટરેખા-લેખ (सं.) विधाताके अंक, कर्मरेख, भाग्यरेखा ।

લલિત (वि.) सुन्दर, नाजुक, कोमळ, सरस, मनोहर, चंचळ, मनभावन । रागविशेष जो प्रातः कालके समय गाया जाता है । मौजी, लहरी ।

લલિતા (सं.) जवान, मनोहरस्त्री।

લલુતા (सं.) चाह, इच्छा, इरादा, आकांक्षा ।

લલુપતા (सं.) तृष्णा, लोभ, ला-लच, लल्लोपत्तो, चाटुकारी ।

લવ (सं.) अंश, भाग, क्षण, नि-मेष, पल, (अ०) लेश, जराक, अल्प, थोड़ा, न्यून, कम, कुछेक ।

લવંગ (सं.) वृक्षविशेषका फूल, इस नामसे प्रसिद्ध, लौंग, लौंगकी आकृतिका कानोंमें पहिननेका आभूषण विशेष ।

લવંગિયું (वि.) लौंगकी आकृतिका कानमें पहिननेका जेवर विशेष ।

લવંગિયુંમરચું (सं.) गरम खनका तेजमिजाज़, चपळ, तीक्ष्ण मिरच।

લવણ (सं.) नमक, नोंन, नून, खारा, क्षार, तेज, कांति (वि.) खारा । [की बातें ।

લવરી (सं.) बकवाद, गप्प, व्यर्थ-

લવલવ (सं.) पूर्ववत् ।

લવલવવું (क्रि.) गप्पें मारना बड़बड़ाना ।
લવલવાટ (सं.) देखो લવલવ ।
લવલેશ (अ०) ज़राक, थोड़ा, अल्प, लेशमात्र, कुछेक ।
લવવું (क्रि.) अकारण खूब, बोलते रहेना, बकना बडबडाना ।
લવાજણ (सं.) लावण्यता, बोलनेकी मिठास ।
લવાજમ (सं.) फांस, वेतन, हक्क, अलाउंस, लौंस, अधिकार, दस्तूरी । [अमीन ।
લવાદ (सं) पंच, न्यायी, मध्यस्थ
લવાદી (सं.) पंचायत, निर्णय, न्याय ।
લવાર (सं.) लुहार, लोहकार, लोहेका धंदा करेनेवाली एक जाति विशेष । [नेका मुहल्ला ।
લવારવાડો (सं) लोहारोंके रह-
લવારી (सं.) देखो लवरी ।
લવારૂ (सं.) नवजातबालक, दूध पीताबच्चा, छोटा बछडा या बछिया
લવિંગ (सं.) देखो લવંગ ।
લવેંગ (सं.) पूर्ववत् ।
લવ્વો (सं.) मस्करा, दिल्लगीबाज ।
લબ્જ (सं.) शब्द, लफ्ज़, अक्षर समूह ।
લશ્કર (सं.) सेना, फौज, अनी, पलटन, रिजमट, जत्था, समुदाय टोली ।
લશ્કરના વાળા (अ०) अनियामित ।
લશ્કરી (वि.) फौजी, सैनिक, फोज विषयक (मनुष्यवस्तु इ०)
લસડતું (वि.) चंचल, अधीर, अस्थिर । [लशुन, लस्सन ।
લસણ (सं.) लहसुन, कंदविशेष
લસણિયું (वि.) लहसन मिलाहुवा ।
લસણિયો (सं.) एक प्रकारका बहुमूल्य पत्थर ।
લસતું (वि.) शोभित, लासित, प्रकाशित, ढीला, नरम, लबलबा ।
લસરકો (सं.) घिस्सा, रगडा ।
લસરિયું (वि.) देखो લાસરિયું
લસલસતું (सं.) गाढा, चिकना और चमकदार ।
લસલસવું (क्रि.) गाढा होना, चिकना और चमकदार होना ।
લસલસાટ (वि.) पुष्कळ, खूब, बहुत ।
લસવું (क्रि.) शोभित होना, शोभना, खेलना, फिसलना, रपटना ।
લસોટવું (क्रि.) घोटना, बारीक पीसकर मिलादेना रगड़ना ।
લહેકો (सं.) स्वाद, जायका ।

લહરી (सं.) लहर, तरंग, वीचि, ऊर्मि ।

લહવુ (क्रि.) जानना, मालूमकरना।

લહાવુ (सं.) नफा, लाभ, मुनाफा, प्राप्ति, आय, उत्पत्ति, आमद ।

લહાણી (सं.) अच्छे शुभ कार्यके समय उपस्थित रहने वालोंको एकही प्रकारका इनाम देना ।

લહાવું (क्रि.) हिस्सा करदेना, बांट देना, भाग करदेना ।

લહિયો (सं.) लेखक, नकलनवीस, अनुवादक, पुस्तक लिखनेवाला ।

લહી (सं.) लेही, लाई, (आटे या मैदाकी बनी हुई चिपकानेके काम आती है) ।

લહે (सं.) स्वाद, मज़ा, लज्जत ।

લહેકવું (क्रि.) लटकमें चलना, लचकना । [लटक ।

લહેકો (सं.) लचक, अंगभंगी,

લહેર (सं.) झोंका (पवनका), लहर प्रदर्शक कपड़ेपर आड़ी टेढी रेखाओंका चित्र, निशानी, प्रभाव, तर्क, वितर्क, आलस्य, नशा, ऊंघ, तरंग, ऊर्मि, वीचि, हिलोर, विषचढनेका पर्व, कपड़े रंगनेकी प्रक्रिया ।

લહેરિયાં (सं.) झोंकें, तरंगें, हिलोरें, वस्त्र पृथ्वीकागज इत्यादि पर लहर समान रेखाएं ।

લહેરિયું (सं.) स्त्रियोंके पहिननेका एक प्रकारका आभूषण ।

લહેરી (वि.) मनमौजी, आनन्दी, तरंगी, मदमस्त, नशेबाज, इश्की, विषयी, अस्थिर, संदिग्ध ।

લહવું (क्रि.) ध्यान पूर्वक सुनना, ध्यानदेना, एकाग्र चित्त करना ।

લળકવું (क्रि.) उत्कंठित होना, लालायित होना, उमंगसे घूमते घूमते आना ।

લળવું (क्रि.) झुकना, नमना, नीचा होना, हारना स्वाद लगाना, भाना । [मोड़ ।

લાંક (सं.) लचक, बळ, टेढापन,

લાંગ (सं.) एक प्रकारकी दाल ।

લાંઘણ (सं.) उपवास, व्रत, लङ्घन, निराहार काळक्षेप ।

લાંગણી (सं.) गाड़ीको समान खड़ी रखनेके लिये दोडदण्ड, टेढी, यह धुरीके पास बंधे होते हैं जहां गाडीको सीधी खड़ी करनी हो वहां इन्हें लगादेते हैं । ठेमी ।

લાંઘણું (सं.) बिना अन्नजल ग्रहण किये । [वास करना ।
લાંઘવું (क्रि.) व्रत करना, उप-
લાંઘો (सं.) लंघन, उपवास, व्रत, रोज़ा ।
લાંચ (सं.) घूंस, पच्चर, रिश्वत ।
સોલછેછનઆપેઆવેવો (वि.) बड़ाही बदमाश, अतिशय लुच्चा।

સોવખત ગાળીને પાણીપીવું (क्रि.) बहुतही सम्हालकर सावधानीसे बर्ताव करना।

સોસગાનુંસગુ (स.) अत्यंत प्यारा नातेदार। [अंधेर, अधाधुंध।

સોમણતેલે અંધારૂં (वि.) बहुतही

સોદહાડા સાસુના તો એકદાડો બહુનો (–) सौ सुनारकी एक लोहारकी, चलती फिरती छाइ, आज तुम्हारा तो कल हमारा।

સોતારા રામદુહાઇને એકમારૂં ઉંહુ (–) तुम्हारां सारीहा और मेरी एक नाहीं।

સો દવાને એક હવા (–) स्वच्छ हवा सब औषधियोंसे श्रेष्ठ है।

સોઇ (स.) दरजी, दर्जी, कपडे सीनेवाला, प्रबन्ध, बंदोबस्त।

સોઇઆણી (सं.)दाई वह स्त्री जो बच्चे पैदा करानेवाली होती है, दायन।

સોઇયો (सं.) मोटी सुई, बड़ीसुई, सुआ, सूवा सूइया।

સોક (अ–अडी सं.) सौत, एक पतिकी दो स्त्रियोंका आपसमें नाता, पति की दूसरी स्त्री।

સોગટી–ગઠી (सं.) देखो सोगठुं
સોગઠું–ગઠું (सं.) पासा, सार, खेलनेके लिये काठका या हाथीदांतका चौपहलू रंगबिरंगा सांचा, चकमक पत्थरसे आग बनाकर सुलगाई जानेवाली डोरी।
સોગટીભરવી (क्रि.) फायदाउठाना, जयप्राप्त करना।
સોગટીમારવી (क्रि.) पूर्ववत्।
સોગટીવાગવી (क्रि.) निशानः लगना, जय होना, इच्छा पूर्ण होना।
સોગન (सं.) कसम, सपथ, सौगन्ध।
સોગાત (सं.) भेट, इनाम, पुरस्कार बख्शीस।
સોચ (सं.) शोक चिंता, फिक्र, दुःख, तपास, शोध, जांच, अनुसंधान।
સોજ (सं.) लक्षण, चाल, वर्त्ताव।
સોજિયું (वि.) अच्छे लक्षणयुक्त।
સોજું (वि.) अच्छा, साफ, स्वच्छ।
સોજો (सं.) सोजन, अंगका फूलना। [शाखा, छडी।
સોટી (सं.) बेत, वृक्षकी पतली
સોટેકુપટ્ટે (अ०) अकेला, छडा, एकाकी।
સોટો (सं.) डंडा, दण्ड, मोटी लकड़ी, लाठी।
સોડ (सं.) तरफ, बाजू, बगल, रुईकी रजाई, सौड, सौर, घूंघट, छेड़ा, लाजके लिये स्त्रियोंके मुंहपर साड़ी, सुगन्ध, सुवास, खुशबो।
સોડતાણીનેસુવું (क्रि.) अंग तानकर सोना, आलसी होकर पड़े रहना। [ढांककर सोना।
સોડવાળીનેસુવું (क्रि.) मुंह
સોડમાં ભરાવું (क्रि.) आश्रयमें जाना, शरणजाना।
સોડ પ્રમાણે સાથરો (सं.) सौडके अनुसार बिछौना। [महंक।
સોડમ (सं.) सुगन्ध, सुवास,
સોડવણુ (सं.) सोड–रजाईके नीचे लगानेका मुलायम कपडा।
સોડવું (क्रि.) सुगन्धआना, खुशबूआना।
સોડિયું (सं.) स्त्रियों के पहिननेकी साड़ी, लटकताहुवा भाग।
સોડે (अ०) पास, नजदीक, समीप अनुसार, मुआफिक।
સોડો (सं.) सहायक मददगार।
સોણુ (सं.) कौल, मेख, फाचर।
સોણું (सं.) स्वप्न, सपना, सुपना
સોત–ડું (अ०) साथ, सहित, समेत।

સોદાઈ (સં.) दुराचरण, बदचलन बदमाशी ।

સોદાગર (સં.) सौदा करनेवाला, व्यापारी, खरीद फरोक्त करनेवाला, ऊँचे समानका बेपारी ।

સોદાગિરી (સં.) ऊंचेमालका व्यापार, सौदागरका धन्धा, व्यापार (वि.) सौदागर सम्बंधी, व्यापार विषयक ।

સોદું (वि.) बदमाश, लुच्चा, दुराग्रही ।

સોદો (સં.) व्यापार, लेनदेन, सौदा, व्यवहार, सामान ।

સોધાસોધ (સં.) ढूंढभाळ, खोज, तलाश, अनुसन्धान ।

સોનાપાણી (સં.) जिसको छूलनेसे स्नान करना पड़े उस पर स्वर्णसे छुवाकर शुद्धिके लिये दिये हुए पानीके छींटे ।

સોનાગેરૂ (સં.) एक प्रकारका गेरू, एक तरहकी लाल मिट्टी ।

સોનામુખી–મુખી (સં.) एक वृक्षके पत्ते विशेष जिन्हें खानेसे जुलाब लग जाती है ।

સોનાર (સં.) सुनार, स्वर्णकार, सोने चांदीका जेवर बनानेवाला ।

સોનારણ (સં.) सुनारकी भार्या ।

સોની (સં.) देखो સોનાર ।

સોનું (સં.) कांचन, स्वर्ण, सुवर्ण, सोना, बहुमूल्य धातु विशेष ।

સોનામોહરજેવું (क्रि.) अच्छा, खासा ।

સોનાનાનળિયાકરવા (क्रि.) खूब धन पैदाकरना ।

સોનાનીઝાળ પાણીમાંનાંખવી (क्रि.) अपकृत्यद्वारा प्राणत्यागना, आत्म हत्या करना । [समस्त

સોનાનીતક–પળ (સં.) बहुमूल्य

સોનેરીકાયદો (स.) बहुतही ध्यानमें रखने योग्य नियम ।

સોનાનીલંકાલુટાવી (क्रि.) बहुमूल्य वस्तुका चलाजाना ।

સોનાનો કોળીઓ (वि.) बहुतही महंगा और उत्तम ।

સોનાનો વરસાદવરસવો (क्रि.) असंख्य धनका आगमन ।

સોનાનોસુરજઉગવો (क्रि.) बहुमूल्य सुख दिवस प्राप्त होना ।

સોનાથી દાંત ઘસવા (क्रि.) धन दौलतका खूब उपभोग करना ।

સોનું દેખી મુનિવરચળે (–) द्रव्यको देखकर सबका मन चलायमान होता है ।

સોનાકરતાઘડામણમોંઘું (—) ठक्केकी मुठैवा और उसकी मूंडमुड़ाईका रुपया।

સોનાને શ્યામતાવળગે નહિ(—) सांचको आंचनहीं,सस्यतो सत्यही है।

સોનેરી (वि.) सुनहरी, सुनहला, सोने के रंगका।

સોનેરીકેળાં (सं.) एक प्रकार के केले—(फल विशेष)

સોનૈયા (सं.) सोनेका सिक्का,निष्क।

સોપાન (सं.) सीढी, निसेनी, नसैनी निश्रेणी, पैडी, चढाव।

સોપારી (सं.) सुपारी, पूगी फल।

સોફ (सं.) सांस, दम, हाफनी, शरीरका फूलना।

સોફવા (सं.) शोथवायु, रोग-विशेष, जिससे शरीर फूल जाता है।

સોબત (सं.) सोहबत, संगति, संग, सहवास, स्त्रीपुरुषका मेल।

સોબતી (सं.) साथी, दोस्त, जोड़ीदार।

સોભ (सं.) विवाह हो चुकने बाद वरवधूके देवताओंके आगे बिठाकर गाये जानेवाले गीत।

સોભાગ (सं.) सुहाग, अहिवात।

સોભાગવતી—વંતી (सं.) सुहागिन, सधवा, पतियुक्ता स्त्री।

સોભાગ્યપંચમી (सं.) ज्ञानपंचमी, कार्तिक शुक्लपंचमी।

સોમ (सं.) चन्द्र, सोमवार, चंद्रवार, सोमलता। (वि.) शांत, शीतल।

સોમનાથા (अ०) सोमयागमें पूर्णाहुतिका स्नान। शांति हुई। झगड़ा निपटा।

સોમયાગ—યજ્ઞ (सं.) यज्ञविशेष जिसमें सोमरस होमा जाता है।

સોમરાજ (सं.) ऐसा राजा जिसने राजसूययज्ञ किया हो।

સોમલ (सं.) एक जातिका क्षार।

સોમવતી (सं.) वह अमावस्या तिथि जिस दिन सोमवार हो।

સોમવતીને શુક્રવાર(અ०)कुछनहीं।

સોમવલ્લી (सं.) लताविशेष, सोमलता।

સોમવાર (सं.)चन्द्रवार,वारविशेष।

સોય (सं.) सुई, सुई, सूची, बह, (कवितामें) सब, सारा, समस्त।

સોયણી(सं.)रागिनी विशेष,सोहिनी।

સોયમ (वि.)तीसरा, तृतीय श्रेणी।

સોયલું (वि.)सहजका सहाहुआ।

સોયો (सं.)बड़ी सुई, सुआ, सुइया।

સોરંગી (सं.) एक प्रकारकी वनस्पति, जिसके रंगसे साधूलोग अपने वस्त्र रंगते हैं।

સોરઠ (સં.) काठियावाड़का एक प्रांत, रागिनी विशेष ।

સોરઠો (સં.) छन्द विशेष, दोहेको उलटा करने से सोरठा बन जाता है, काठियावाड़में गानेकी रागिनी विशेष ।

સોરટી–ટી(સં.)कोठरी,चिट्ठी डालना।

સોરભ (સં.) गन्ध, वास, सौरभ। खुशबू ।

સોરંભ (સં.) पूर्ववत।[शान्ति होना।

સોરવવું (ક્રિ.) चैन पड़ना।

સોરવું (ક્રિ.) दांतसे फाड़ खाना, ऊपर ऊपरसे मोटा छिलका हटाना। साफ करना, समेटना।

સોરાડવું(ક્રિ.)गालियां देना,कोसना।

સોરાડવું (ક્રિ.) पूर्ववत।

સોરાવું (ક્રિ.) चमड़ी छुल जावे ऐसा करना, चलौटना।

સોરાસોર (સં.) हल्ला, गुलगपाड़ा, शोरगुल, देखभाल, ढूंढ़भाल ।

સોરસ (સં.) याद आनेसे चितातुर होना, घबराहट, व्याकुलता ।

સોભાવવું (ક્રિ.) शोभित करना ।

સોરો (સં.) छोकरा, लड़का, पुत्र, छोरा, बेटा।

સોરી (સં.) शुचि, होश, चेत, मान। ज्वारके वृक्षोंको सूखनेके लिये खड़ेही रहने देना। छोकरी, लड़की, बेटी, पुत्री।

સોરૂં (અ०) समयमें, वक्तमें ।

સોવસા (અ०) जैसे हो तैसे, अधिकतया, विशेषतर ।

સોવાસણ (સં) सुहागिन, सधवा, सौभाग्यवती, पतियुक्ता स्त्री।

સોવું (ક્રિ.) सूपमें अन्न डालकर हिलाना, फटकना, पिछोरना।

સોસ (સં.) तृषा, प्यास, पिपास।

સોસવાટ–ળ (સ.) मगर, मच्छ, ग्राह, मकर।

સોસવાવું (ક્રિ.) सूखना, शुष्क, होना, कृष होना, दुबला होना।

સોસવું (ક્રિ.) चूसना, सोखना, जज्ब लेना, सुखाना।

સોહણી(સં.)शोभा,कांति,[सौन्दर्य।

સોહણું (વિ.) स्वप्न, सपना, ख्वाब।

સોહમ (સં.) वेदान्ती पुरुषोंद्वारा श्वासके लेने और छोड़नेकी क्रियाका नाम।

સોહલું (વિ.) अच्छा, स्वच्छ, साफ, आनन्द, मौज, बेफिकर।

સોહવું (क्रि.) शोभापाना, शोभित होना।
સોહાગ (सं.) अच्छा भाग्य, सोभित।
સોહાગણ (वि.) सौभाग्यवती स्त्री, सधवा, सुहागिन, जिसका पति जीवित हो। [रंगीला।
સોહાગી (वि.) मौजी, आनन्दी,
સોહામણું (वि.) सुहावना, सुन्दर।
સોહાવું (क्रि.) शोभित होना।
સોહાસણ (सं.) देखो सोहागण।
સોહિની (सं.) रूपवती स्त्री।
સોહેણી (सं.) इस नामकी एक रागिणी, सोहिनी (रातके समय गाई जाती है) । [कार्य का समारंभ
સોહેળો (सं.) उत्सव, शुभ
સોહેવું (क्रि.) भाना, पसन्द आना, रुचि कर होना।
સોળ (सं.) देखो सळ (वि.) सोळह संख्याविशेष, १६।
સોળ વાલ ને એક રતી(वि.)बिलकुल, ठीक, पूरम्पूर, उत्तम, अच्छा।
સોળમી ઘડી જવી (क्रि.) घबरा जाना, आफत आजाना।
સોળશને મઠ્ઠર વારે (अ०) कभी भी नहीं, उमर मुद्दी पूजन।
સોળ સંસ્કાર થઈ ચુકવા (क्रि.) भली बुरी अवस्था भोगना।
સોળ સોમળી કામી છે (अ०) काफी तो बहुत काम बाकी है।
સોળ સોપારા (अ०) सब बातमें ?
સોળું (सं.) अस्पर्शके समय पहिननेका रेशमी या सूती वस्त्र विशेष।
સોળે સોળ આની (वि.) पूरम्पूर, चाहिये जितना।
સોળે સણગાર સજીને (अ०) वस्त्राभूषणसे अलंकृत।
સોળૈયો (सं.) सोळह हाथ लम्बी बल्ली (लकड़ी)।
સૌ (वि:) सब समस्त, तमाम।
સૌ સૌના ગીત ગાય (-) सब अपनी अपना कहे। [नजाकत।
સૌકુમાર્ય (वि.) सुकुमारता,
સૌખ્ય (सं.) सुख,आनन्द,प्रसन्नता।
સૌજન્ય (सं.) सुजनता, भलाई।
સૌદામિની (सं.)बिजली, विद्युत्, तड़ित्, चपल। [सौन्दर्य, खूबसूरती।
સૌન્દર્ય (सं. सुन्दरता, कान्ति,
સૌભાગ્ય (सं.) अच्छा भाग, किस्मत, नसीब।
સૌભાગ્યવતી (वि.) देखो सोहागण।
સૌભાગ્યવર્ધક (वि.) अच्छा भाग्य बढानेवाला।
સૌમ્ય (वि.) शांत, भला, आनंदी।

स्कंध (सं.) कांध, कंधा, समूहका वह, बड़ा अध्याय, बड़ा प्रकरण।

स्टेशन (सं.) मुकाम, रेलगाड़ी ठहराकर चढाने उतारनेकी जगह।

स्तन (सं.) पयोधर, चूँची, थन, बोबा, मादाकी छातियां। आंचळ, बोबे। [लेकर, चूसनेकी क्रिया।

स्तनपान (सं.) मुखमें थन-चूंची

स्तब्ध (वि.) कुंठित, हक्काबक्का, रुका हुआ, चुप, शांत।

स्तंभस्थंभ (सं.) खमा, थम्भा, अटकाव, रुकाव।

स्तंभन (सं) रोक, आड़, रोकना, दबादेना, कामशास्त्रकी क्रिया विशेष। [गुणपाठ, स्तोत्र।

स्तवन (सं) गुणवर्णन, स्तुति,

स्तववुं (क्रि.) स्तुति करना प्रशंसा करना, गुण गाना, तारीफ करना। [सराहना, भजन, तारीफ।

स्तुति (सं.) बखान, स्तव, प्रशंसा

स्तुतिपाठक (सं.) भाट, चारण, मागध, बन्दी, सूत, कापडी, करपक। [तारीफ के लायक।

स्तुतिपात्र (वि.) स्तुतिकरनेयोग्य

स्तुत्य (वि.) प्रशंसाके योग्य, प्रशंसित, काबिल तारीफ, स्तवनीय।

स्तोत्र (सं.) स्तव, स्तुति, सराहना, देवकी प्रशंसाका ग्रंथ।

स्तोम (सं.) स्तुति मंत्रोंका समुदाय, प्रशंसा, स्तुति।

स्त्री (सं.) नारी, लुगाई, औरत, भार्या, पत्नी, मादा।

स्त्रीकेसर (सं.) फूलमेंके तंतु विशेष।

स्त्रीचरित्र (सं.) स्त्री जातिकी चतुराई, स्त्रियोंका छलकपट।

स्त्रीधन (सं.) ऐसा धन जिसपर स्त्री का ही अधिकार हो। [औरत।

स्त्रीजाति-त (सं.) नारी, जाति,

स्त्रीपुरुष (सं.) नरनारी, पतिपत्नी, वरवधु, मर्द औरत, लोगलुगाई।

स्त्रीधर्म (सं) स्त्रीका धर्म, पतिसेवा ऋतुधर्म, मासिकधर्म, रजोदर्शन।

स्त्रीजित (वि.) स्त्रीके वशीभूत।

स्त्रीपुरुषनोधर्म (सं.) पतिपत्नीका फर्ज। [तिका भक्त, विलासी, कामी।

स्त्रीलंपट (सं.) विषयी, स्त्रीआ-

स्त्रीलिंग (सं.) नारी जाति (व्याकरणमें) . [दोष।

स्त्रीहत्या (सं.) स्त्रीवधका भारी

स्त्रीहरवुं (सं.) जबरदस्ती औरत को भगालेजाना, बलपूर्वक स्त्रीका लेजाना।

સ્થ (વિ) ચાલનેવાલા, રહનેવાલા ઠહરનેવાલા, રહનેવાલા ।
સ્થળ (સં.) જગહ, સ્થાન, પલ ।
સ્થળાંતર (સં.) દૂસરી જગહ અન્યસ્થાન ।[ખુશ્કી રાસ્તા, ભૂમાર્ગ ।
સ્થળમાર્ગ (સં.) જમીનકા રસ્તા.
સ્થવિર (સં.) યોગી બાબા, ભિખારી ।
સ્થાણુ (સં.) થંભા, સ્તંભ, થામ, ટેકા । (વિ.) સ્થિર, નિશ્ચળ, અચળ ।
સ્થાન (સં.) ઠૌર, ઠામ, ઠિકાના, ઘર, જગહ, અધિકાર, પદ, દરજા, પ્રસંગ, અવસર, નિવાસસ્થાન, બૈઠક ।
સ્થાનક (સં.) દેખો સ્થાન ।
સ્થાનભ્રષ્ટ (સં.) પદભ્રષ્ટ, જગહસે નીચા । [સ્થાનીય ।
સ્થાનિક (સં.) ઘરકા, જગહકા,
સ્થાપક (વિ.) સ્થાપના કરનેવાલા, નિયુક્ત કરનેવાલા, મુકર્રર કરનેવાલા, બિઠાનેવાલા, સિદ્ધ કરનેવાલા ।
સ્થાપના (સં.) પ્રતિષ્ઠા, સ્થિતિ ।
સ્થાપવું (ક્રિ.) મુકર્રર કરના, સ્થાપિત કરના, સાબિત કરના ।
સ્થાપિત (વિ.) પ્રતિષ્ઠા કિયા હુઆ, રખા ગયા ।
સ્થાયી (વિ.) બહુત સમયતક ઠહરનેવાલા, ટિકાઊ,પુખ્તા,મજબૂત ।
સ્થાવર (વિ.) અચલ, નહીં ચલનેવાલા । [ઠહરાવ ।
સ્થિતિ (સં.) સ્થાન, ટિકાવ,
સ્થિતિસ્થાપક (વિ.) અપની પહિલી સ્થિતિકો કાયમ રખનેવાલા ।
સ્થિર (વિ.) દેખો સ્થાવર ।
સ્થિરતા (સં.) અચલના, ઠહરી હુઈ હાલત, શાંતિ, ધૈર્ય ।
સ્થૂલ (વિ.) મોટા, પીવર, તૌંદેલ, બડા, ફૂલા હુઆ, બડા ।
સ્થૂળદેહ (સં.) દીર્ઘશરીર, સ્થૂલકાય, યહ નાશમાનશરીર, મોટા બદન । [મોટે વિચાર ।
સ્થૂળદૃષ્ટિ (સં.) સાધારણ વિચાર,
સ્નાત (સં.) સ્નાન કિયા હુઆ, નહાયા હુઆ । [અવગાહન ।
સ્નાન (સં.) નહાના, નહાન,
સ્નાયુ (સં.) રગ, રક્તવાહિની નાડી, નસ । [ઔરત ।
સ્નુષા (સં.) બહૂ, પુત્રવધૂ, બેટેકી
સ્નેહ (સં.) સનેહ, પ્રેમ, પ્યાર, અનુરાગ, વાત્સલ્ય, ચિકનાઈ, ચિકનાહટ ।
સ્નેહપાત્ર (સં.) પ્રિયપાત્ર પ્યારા.

સ્નેહાકર્ષણ (सं.) प्रेमके कारण खिंचाव । [कृपालु ।

સ્નેહાર્દ્ર (सं.) प्रेममें भीगा हुआ,

સ્નેહાળ (वि.) प्रेमी, कृपालु, दयालु, स्नेह युक्त ।

સ્નેહી (सं.) मित्र, दोस्त, भाईबन्धु ।

સ્પર્ધા (सं.) रश्क, बराबरी, हिर्स, डाह, जलन, दूसरेकी उन्नतिसे दुखी होना । [आलिंगन ।

સ્પર્શ (स.) छूना, छुहावट, ग्रहण,

સ્પર્શકાળ (स.) ग्रहणकी शरुआत ।

સ્પર્શ કરવો (क्रि.) छूना ।

સ્પર્શેન્દ્રિય (सं.) चमड़ा, त्वागिन्द्रिय, त्वचा, चाम, खाल ।

સ્પષ્ટ (वि.) साफ, प्रकाश, सहज, व्यक्त, जाहिर, प्रकट ।

સ્પષ્ટવક્તા (सं.) बे लाग लपेटकी कहनेवाला, साफ साफ कहनेवाला

સ્પષ્ટીકરણ (सं.) खुलासा, वर्णन ।

સ્પૃહા (स.) इच्छा, अभिलाष, ख्वाहिश, तृष्णा, गरज, दरकार ।

સ્ફટિક (सं.) बिल्लौरपत्थर, स्वच्छ पाषाण विशेष, काच, मणि विशेष ।

સ્ફાટિક (वि.) स्फटिक सम्बन्धी ।

સ્ફુટ (वि.) खिला, फूलाहुआ, प्रकट, पृथक, अलग, खुलाहुआ ।

સ્ફુરણ (सं.) आन्दोलन, कम्प, फड़कना, ईषच्चलन, अंकुरफूटना, अचानक याद आना ।

સ્ફુરવું (क्रि.) अंकुरफूटना, प्रकट होना, स्मरण आना, फुरना ।

સ્મર (सं.) कामदेव, अंग ।

સ્મરણ (सं.) सुध, चेत, स्मृति, याद, मनन, यादगीरी ।

સ્મરણી (सं.) छोटीसी माला, ईश्वरभजन करनेकी काष्ठादिमाला ।

સ્મરણીય (वि.) यादकरनेके लिये बातें लिखलेनेकी किताब, नोटबूक यादी, डायरी। [स्मरण रखने योग्य ।

સ્મરણપોથી (सं) यादकरने योग्य

સ્મરવું (क्रि.) स्मरण करना, याद करना ।

સ્મશ્રુ (स) दाढ़ी, डाढी ।

સ્મારક (वि.) यादकरानेवाला, सूचित करनेवाला, जतानेवाला ।

સ્માર્ત (वि.) स्मृतियोंकी आज्ञाके अनुसार चलनेवाला, स्मृति-सम्बन्धी ।

સ્મિત (वि.) आश्चर्ययुक्त, हैरान, खिलाहुआ, मुसुकान, मन्दहास ।

સ્મૃતિ (सं.) स्मरण, याद, मनु आदि रचित धर्मग्रंथ ।

સ્યન્દન (સં.) રથ, થાન વિશેષ।
સ્રાવ (સં.) ટપકના, चूना, ऋतु-स्राव, मासिकधर्म, रजो दर्शन।
સ્લેટ (સં.) પટ્ટી, पत्थरकी पट्टी।
સ્વ (વિ.) आत्मीय, अपना, खुद।
સ્વકલ્પિત (વિ.) अपनी कल्पनाका।
સ્વકીય (વિ.) खुदका, निजका, अपना। [स्त्री, पत्नी, भार्या।
સ્વકીયા (સં.) अपनी विवाहिता
સ્વચ્છ (વિ.) साफ, शुद्ध, पवित्र, निर्मळ, उज्ज्वल, निष्कलंक।
સ્વચ્છતા (સં.) सफाई, पवित्रता, शुद्धि।
સ્વચ્છન્દ (સં.) स्वेच्छानुसार, स्वाधीन, मनमौजी, यथेच्छाचारी।
સ્વચ્છન્દી (વિ.) हठीला, जिद्दी, स्वतंत्र। [बन्धु, मित्र, कुटुम्बी।
સ્વજન (સં.) अपनेलोग, नतैत,
સ્વજાતિ (સં.) अपनी जाति, निजजातिका।
સ્વતઃ (અ०) अपनेसे, स्वभावतः, स्वाभाविक, खुद, जन्मसेही।
સ્વતઃસિદ્ધ (વિ.) स्वयंभू, अकृत्रिम स्वतंत्र, स्ववश, जन्मसिद्ध।
સ્વતંત્ર (વિ.) स्वाधीन, निरंकुश। स्ववश, खुदमुख्तार।
સ્વદેશ (સં.) जन्मभूमि, अपनादेश।
સ્વદેશહિતેચ્છુ (વિ.) देशाभिमान, अपने देशका भला चाहनेवाला।
સ્વદેશાભિમાની (સં.) देशभक्त।
સ્વદેશાભિમાન (સં.) अपने देशका गर्व। [देशीय।
સ્વદેશી (વિ.) अपने देशका निज
સ્વધર્મ (સં.) अपना धर्म, कुल-रीति, अपनाफर्ज, खासियत।
સ્વધા (સં.) माया, पितृगणकी पत्नी, अग्निकी स्त्री। [ठिकाना।
સ્વધામ (સં.) स्वर्ग, अपना
સ્વધામપહોચવું (ક્રિ.) मरना।
સ્વપ્ન (સં.) सपना, ख्वाब, नींदमें विचार।[स्वप्नावस्थामें दिखता है।
સ્વપ્નદર્શન (સં.) जो कुछभी दृश्य
સ્વપ્નવત (વિ.) मिथ्या, स्वप्नसमान, कम टिकाऊ।
સ્વપ્નાંતર (સં.) वह स्थिति जिसमें स्वप्न आरहाहो।
સ્વભાવ (સં.) प्रकृति, टेव, बान, आदत, धर्म, गुण, प्रकृति, खासियत।
સ્વભાવિક (વિ.) स्वाभाविक, स्वभावसिद्ध,स्वतःसिद्ध, कुदरती।
સ્વભાષા (સં.) मातृभाषा, अपना भाषा।

સ્વભૂમિ (सं.) स्वदेश, वतन।

સ્વયમેવ (अ०) खुद, अपनी इच्छासे आप, आपसेआप। [उत्पन्न।

સ્વયંજાત (सं.) स्वयम्भू, स्वतः

સ્વયંપાક (सं.) अपनेवास्ते अपने हाथों बनाईहुई रसोई।

સ્વયંપ્રકાશ (सं.) अपने तेजसे प्रकाशित, खुदप्रकाश।

સ્વયંભૂ (सं) ब्रह्मा, विष्णु, शिव, अयोनिज, स्वयम् जात, (वि.) स्वयम् उत्पन्न, स्वतःसिद्ध।

સ્વયંવર (सं.) सभामें कन्याका अपने लिये वरचुनना, आपही वरना, एक प्रकारका विवाह, जो स्वेच्छानुसार किया जाता है।

સ્વયંવહ (सं.) जो खुद आपही आप चल सके (यंत्र)।

સ્વર (सं.) अवाज, ध्वनी, शब्द, घोष, वाणी, बोली, नाद, अकारादी १६ अक्षर, सांस, श्वास, कंठ, गला, आकाश, गगन, स्वर्ग, देवलोक। [हिफाजत, बचाव।

સ્વરક્ષણ (सं.) आत्मरक्षा, खुदकी

સ્વરાજ્ય—તંત્ર (सं.) खुदमुख्तारी, सेल्फगवर्नमेण्ट, होमरूल, स्वतंत्र शासन, अपने हाथों अपना प्रबंध।

સ્વરિત (वि.) उच्चारण विशेष, अधिक उच्च स्वर, उदात्तविशेष।

સ્વરૂપ (सं.) प्रकृतिकरूप, आकार आकृति; डौल, शक्ल, चेहरा, मुंह।

સ્વરૂપવાન (वि.) खूबसूरत, रूपवान सुशोभित।

સ્વરોદય (सं.) नाकद्वारा सांसलेकर शुभाशुभ जाननेकी विद्या।

સ્વર્ગ (सं.) देवलोक, इंद्रलोक, अंतरिक्ष, दिव्य लोक, पुण्यलोक, सुखधाम।

સ્વર્ગ બેઆંગળ આઘીછે (क्रि.) स्वर्ग सुखभोगनेका समय नजदीकहीहै।

સ્વર્ગનો રસ્તો લેવો (क्रि) मरजाना।

સ્વર્ગમાં ધજા રોપવી (क्रि.) अखण्ड कीर्ति प्राप्तकरना।

સ્વર્ગંગા (सं.) आकाशगंगा, सुरनदी, देवपथ, स्वच्छ आकाशके बीचकी सफेदी।

સ્વર્ગવાસ (सं.) मरण, मृत्यु, मौत।

સ્વર્ગવાસ થવો (क्रि) मरना, देहान्त होना।

સ્વર્ગવાસી (वि.) स्वर्गमें रहनेवाला, परलोकवासी।

સ્વર્ગીય (वि.) पारलौकिक, आकाशीय, स्वर्गसम्बन्धी।

સ્વલ્પ (वि.) अत्यंत छोटा, थोड़ा, न्यून, बहुतही कम ।

સ્વવશ (वि.) अपने आधीन, स्वतंत्र, स्वाधीन, निरंकुश ।

સ્વશુર (सं) ससुर, पतिया, पत्नीका पिता । सुसरा, श्वशुर ।

સ્વસા (सं.) बहिन, भगिनी ।

સ્વસ્તિ (स.) कल्याण मंगळ, भलाई, तथास्तु, क्षेम, आशीष, अंगीकार, वचन ।

સ્વસ્તિક (स.) साथी, संगी ।

સ્વસ્તિક્ષેમ (स.) आनन्दमंगळ, क्षेमकुशल, खैरियत । आबादी (अ०) सुखपूर्वक, सुखीदशामे, सहीसलामतीसे ।

સ્વસ્તિવચન (सं.) किसी यज्ञ अथवा संस्कारके पहिले मंगलदायक वेद मन्त्रोंका पाठ, शुभ वचन । आशिर्वचन ।

સ્વસ્તિશ્રી (वि.) पत्रोंके आरंभमें शुभ वाक्य (बराबरवालेको)

સ્વસ્થ (वि.) अपने आपेमें स्थित, सावधान, तन्दुरुस्त, नीरोग ।

સ્વસ્થતા (सं.) शांति, स्थिरता, सावधानी, तन्दुरुस्ती, नैरोग्य।

સ્વસ્થાન (सं.) अपनी जगह, अपना घर, खास मुकाम ।

સ્વાંગ (सं.) नकल, अनुकरण, भांडैती, सांग ।

સ્વાગત-તા (सं.) आदर, सत्कार, सम्मान, हावभाव, मान, अभिनन्दन, इज्जत । छन्दविशेष ।

સ્વાતિ (स.) इस नामसे प्रसिद्ध नक्षत्र, सूर्यपत्नि ।

સ્વાત્માનુભવ (सं) अपना अनुभव, खुदका तजुरबा । आत्मदर्शन ।

સ્વાદ (सं.) मज़ा, सवाद, रस, चाट, लज्जत, ज़ायका, अभिरुचि ।

સ્વાદલેવો (क्रि.) चाखना, समझना, अनुभवकरना ।

સ્વાદચાખવો (क्रि.) मजाचखना ।

સ્વાદ ચખાડવો (क्रि.) मारना, पीटना । [दार, रोचकर ।

સ્વાદિષ્ટ (वि.) स्वादयुक्त, लज्जत-

સ્વાદીલુ (वि.) स्वादी, स्वाद करनेवाला, अच्छा अच्छा खाने वाला ।

સ્વાધીન (वि.) स्वतंत्र, स्वच्छन्द, अपराधीन, आत्मवश ।

સ્વાધીન કરવું (क्रि.) सौंपना, देडालना ।

સ્વાધિન લેવું (क्रि.) अपने अधिकारमें करना ।

સ્વાધીનપતિકા (સં.) वह स्त्री जो अपने पतिको अपने अधिकारमें रखती है ।

સ્વાભિમાન (वि.) आत्माभिमान, अपने गुण गौरवका ध्यान । [वर ।

સ્વામ (सं.) स्वामि, पति, मालिक,

સ્વામની (सं.) सेठानी, मालकिन ।

સ્વામિતા-ઈ-ત્વ (सं.) प्रभुत्व, स्वामित्व । [बेइमानी, राजद्रोह ।

સ્વામિદ્રોહ (सं.) नमक हरामी,

સ્વામી (सं.) पति, वर, मालिक, राजा, देव, गुरु, साधु, मुनि ।

સ્વાર (सं.) सवार चढैया ।

સ્વારથ-ર્થ (स.) अपना अर्थ, अभिलाष, अपनाकाम, मतलब, आत्महित, लोभ ।

સ્વારી (सं.) देखो सवारी ।

સ્વારથિયું-સ્વાર્થી (वि.) मतलबी, स्वार्थी, आपापंथी, खुदगर्जी ।

સ્વાહા (स.) देवताओंको होंम देनेका मंत्र, भस्म, खाक, राख, जल जाना, अग्निकी स्त्री । वौषट् ।

સ્વાહા કરવું (क्रि.) खाजाना, हजम करजाना, डकारजाना, नष्ट करना । [बरबादहोना ।

સ્વાહા થઈ જવું (क्रि) जलजाना ।

સ્વીકાર (सं.) मंजूर, कबूल, अंगीकार, इकरार, मानना ।

સ્વીકારવું (क्रि.) मंजूर करना, कबूल करना, मानना, अंगीकार करना ।

સ્વીય (वि.) खुदका, निजका, अपना, निजी, निज सम्बन्धी ।

સ્વીયા (सं.) अपनी स्त्री, भार्या, पत्नि ।

સ્વેચ્છ (अ०) अपने इरादेके मुआफिक, अपनी इच्छानुसार । (वि.) जो अपना इच्छाके अनुसार हो । (सं.) अपनी इच्छा, खुदकी मर्जी ।

સ્વેચ્છાચાર (सं.) जिद्द, हठ, अपनी इच्छाके अनुसार आचरण ।

સ્વેચ્છાચારી (वि.) हठीला, जिद्दी, स्वच्छन्दी, बिना किसीकी सलाहके काम करनेवाला ।

સ્વેચ્છાપ્રારબ્ધ (सं.) जो इच्छाके अनुसार होजावे ।

સ્વેદ (सं.) पसीना, पसेव, उष्णताके कारण शरीरसे जो पानी निकलता है, श्रमबिन्दु ।

સ્વેદજ (वि.) पसीनेसे उत्पन्न हुआ, जूं, पसीनेसे उत्पन्न कीट ।

સ્વૈર (वि.) निरंकुश, उच्छृंखल, उद्दण्ड, भटकाहुआ। लम्पट, दुराचारी। [व्यभिचारिणी।
સ્વૈરણી (स.) स्वेच्छाचारिणी स्त्री,
સ્વોપાર્જિત (वि.) खुदका कमाया हुआ, अपने हाथों पैदा किया हुआ।

હ.

હ—तेतीसवां व्यंजन, गुजराती वर्ण माळाका चवालीसवां अक्षर, कण्ठ-स्थानसे उच्चारण होनेके कारण इसको कण्ठ्य कहते हैं।
હં (अ०) हां, अर्थसूचक, आश्चर्य सूचक अव्यय।
હંસ (सं.) अपने नामसे प्रसिद्ध एक पक्षी, (कहते हैं यह पक्षी केवल मान सरोवरमेंही रहता है।) बगुलेकी जातिका पक्षीविशेष, जीव, आत्मा, प्राण।
હંસગામિની (सं.) हंसकी तरह सुंदर चाल चलनेवाली स्त्री, ब्रह्माणी।
હંસણી—હંસી (सं.) हंस पक्षीकी मादा।
હં હં (अ०) आश्चर्यसूचक अव्यय।
હક (सं.) अधिकार, दावा, सत्ता, मांग, आज्ञा, फीस, दस्तूरी, (अ०) वाजिबी, खरा, सच्चा।
હકવું (क्रि) सरजाना।
હકતાલા (सं.) परमात्मा, खुदा, इस विश्वका स्वामी।
હકદાર (वि.) अधिकारी, दावा-दार, वाजिबी, खरा, सच्चा।
હકનાહક (अ०) बिनाकारण, अकारण, नाहक, बेपरवाहीसे खामोख्वाह।
હકસઈ—સાઈ (सं.) दस्तूरी, दलाली, कमीशन, फीस।
હકાર (सं.) "ह", ह अक्षरका उच्चारण, अच्छापन।
હકારવું (क्रि.) बढाना, शुरूकरना, हांकना।
હકારો (सं.) निमंत्रण देनेवाला, न्यौता देनेवाला, हेड़ा देनवाला।
હકાલવું (क्रि.) भगाना, निकालना, हांकना।
હકીકત—ગત (सं.) समाचार, प्रसंग, खबर, बात, हाल, बखान।
હકીમ (सं.) वैद्य, औषधोपचार, करनेवाला, चिकित्सक, वैद, डाक्टर मुसलमान वैद्य।
હકીમી (सं.) वैद्यका धंधा, चिकित्स-का, डाक्टरी, दवा, औषधि।
હકુમત—હુમત (सं.) राज्य, हाकिमी अमल, सत्ता, अधिकार।

हुकुमतचलावची (क्रि.) हुकमचलाना, आज्ञा करना।

हुखलडुखळ (अ०) डोलमडला, भंभोड़ाहुआ, डगमग।

हुगओक (सं.) दस्त और कय, उलटी, और दस्त, काल्हरेकी बीमारी, हैजा।

हुगमम (सं.) अपना स्वार्थ साधन के लिये कटिबद्ध रहना।

हुगमगवुं (क्रि.) ध्यानधरना, ताकना, धैर्य छूटना।

हुगमरटपर (सं.) बिनामात्रा के अक्षर, मोड़ी अक्षर।

हुगवुं (क्रि.) मलोत्सर्ग करना, दस्तजाना, टट्टीफिरना, पाखाना जाना, पुरीष त्यागना।

हुगामणु (सं.) घबराहट, व्याकुलता।

हुगामणुपहामणु (सं.) बहुतही व्याकुलता, बड़ी बेचैनी (भयसे)

हुगार (सं.) विष्टा, मळ, पुरीष, पाखाना, गू, बीट, गोबर।

हुगीदेवुं-पडवुं (क्रि.) भयसे अ-त्यंत भयभीत होजाना, गुप्तबात कहदेना।

हुंकाई-मणु-मणी (सं.) हांकनेकी मजदूरी, हांकनेके बदलेकी मजूरी।

हुंकार (सं.) अहंकार, गर्व, घमण्ड।

हुंकारवुं (क्रि.) हांकना, नाव चलाना, चलता करना।

हुंकावुं (क्रि) चालू होना, चलतू होना, घेरना, निकालदेना।

हुंखारवुं (क्रि.) स्वच्छ करना, साफ करना।

हुंखारो (सं.) कचरा, मळ, मैल।

हुंगाम (सं.) मौका, अवसर, वक्त, समय, ऋतु, मौसिम, धूमधाम गड़बड़, तूफान।

हुंगामी (सं.) ऐसानौकर जो काम तकके लिये रखागया हो, मौसिमी।

हुंगामो (सं.) धूमधाम, गड़बड़, मस्ती, तूफान, हुल्लड़, दंगा, ऋतु, मौसिम, अवसर, मौका। [हिलना।

हुचमचवुं (क्रि.) डगमगाना,

हुचमचाट (सं.) डगमग, डांवाडोल, अस्थिर, डचरपचर।

हुचमचावबुं (क्रि.) इधर उधर, हिलाना, डुलाना, अव्यवस्थित करना, हिलाना।

हुचहुचावबुं (क्रि.) पूर्ववत्।

हज्ज (सं.) मक्काकी यात्रा, (मक्का मुसलमानोंका तीर्थस्थान है।)

हज्म (वि.) पचाहुआ, मरहुआ।

હજમકરવું (क्रि.) पचाना, हज्म करना सहन करना, सहना, सहना।

હજમથવું (क्रि.) पचना, जीर्ण होना, गळना।

હજમિયત (सं.) पाचन क्रिया, हाज़मा, भोजनका पचना।

હજરત (सं.) उच्चपद संबोधक शब्द श्रीमंत, श्रीमान।

હજરતભરવી (क्रि.) बड़े आदमियोंकी मंडळी बुलाना। एक योगविद्या विशेष।

હજામ (सं.) नाई, नापिक, खवास, हजामत बनानेवाला।

હજામતુંકરવું (क्रि.) सिर मूंडनेका धंधा करना।

હજામપટ્ટીકરવી (क्रि.) पूर्ववत्।

હજામડી (सं.) नाइन, नाईकी औरत। [हज्जाम।

હજામડો (सं.) नाई, नापिक,

હજામત (सं.) मुंडन, क्षौरकार्य, क्षौर, केशवपन, नाईका कार्य।

હજામતકરવી (क्रि.) ठोकपीटकर दुरस्त करना, मद उतारना।

હજાર (सं.) दससौ, १०००, सहस्र, संख्या विशेष। [घना।

હજારઆડાં (वि.) बहुत, अधिक,

હજારહાથવાળો (सं.) सर्व शक्तिमान, ईश्वर।

હજારી (वि.) हजारवाळा, बहुत सी पखुरियोंका फूल।

હજી (अ०) आजतक, अभीतक, अबतक। [मकबरा।

હજીરો (सं.) कबर, रोज़ा, मनिार,

હજુ (अ०) अद्यावधि, अभीतक अबतक, अभीतलक।

હજુર (सं.) नजर आगे रूबरू होना खुद स्वयम्। [खाले नौकर।

હજુરિયો-રી (सं.) हजूरमें रहने-

હટ (अ०) सरक, दूर, अलगहो।

હટપટ (सं.) खटका, डर, भय, दुःख। [करना, हठकरना।

હઠલેવી (क्रि.) दुराग्रहकरना, जिद्द

હઠપકડવી (क्रि.) जिद्द करना, हठ करना।

હઠેચઢવું (क्रि.) पूर्ववत,

હઠમાંઆવવું (सं.) जिद्दी होना, हठी होना।

હઠયોગ (सं.) देह कष्टके योगकी एक क्रिया, ध्यान धारणाद्वारा योग साधन, चित्तवृत्ति निरोधार्थ प्राणायामादियोग।

હઠવું (क्रि.) हटना, पीछे सरकना, हारना, निर्बल होना, छोडना, फिरना, मुंहकीखाना।

હઠીલાઈ (सं.) हठ, जिद्द, अड़, मचलाई, आग्रह, बलात्कार।

હઠીલું (वि.) जिद्दी, अड़ियल, हठी, आग्रही, हठधर्मी।

હઠીલોહનમાન (सं) बहुतही जिद्दी आदमी, अत्यंत आग्रही।

હઠે (सं.) आग्रह, बलात्कार, जिद्द।

હડકવા-ખવા (सं.) भडकने का रोग, रोगविशेष जिसमें काटने को दौडता है, चिडचिडापन।

હડકવાહાલવો (क्रि.) चिड चिड़े और जल्द स्वभावका बनना।

હડકાયલું-યું (वि.) पागल, भडकाहुआ, चिढनेवाला खिझने-वाला।

હડખું (वि.) उन्मत्त, हडकया, पागल कुत्ते या गीदडसे काटने-पर हो जानेवाली दशासे ग्रस्त मनुष्य।

હડતાલ-ળી હરિતાળ (सं.) एक प्रकार का पीले रंगका रस, हर-ताल। बाजार तथा काम काज बंद।

હડતાલમારવી (क्रि.) लिखाहुआ काट देना नष्ट करना, बर्बाद करना। [रखा हुआ, अमानत,

હડપ-દ (सं.) अमानत के रूपमें

હડપ (सं.) ठुड्डी, ठोडी, चिबुक, दाढी।

હડફાઉ (सं.) निकम्मा, मुफ्तिया।

હડફેટ (सं.) झपट, झरपट, फेट, सपाटा, फटकार।

હડબડવું (क्रि.) घबराजाना, व्या-कुल होजाना, निराश होना।

હડસાંકળ (सं.) एक प्रकारकी चांदीकी सांकल।

હડસેલવું (क्रि.) धकामारना, जोरसे धकेलना, हटाना।

હડસેલો (सं.) धक्का।

હડહડ (अ०) कुत्ता भगानेके लिये यह वाक्य प्रयोग करते हैं।(सं.) प्रतिघात। तिरस्कारपूर्वक दूर करना। [बिलकुल, साफ, स्पष्ट।

હડહડતું (अ०) चुस्त, तल्लीन,

હડહડવું (क्रि.) गुस्सेमें बोलना, बड़बड़ाना। [गर्जना, गूंज, मेळ।

હડાકો (सं.) प्रतिध्वनि, प्रति-

હડિયો (सं.) गलेका टेटुआ।

હડી (सं.) गड़बड़, दौड़धूप, भगदड़, (वि.) बराबर, समान।

હડીયાદોટ (सं) दौडभाग, भाग दौड़, इधर उधर जल्दी जल्दी आना जाना।

હડીયાપાટી (सं.) भागदौड़।

હડીઆપાટીકરવી (क्रि.) ऊधम मस्ती करना, हुल्लड मचाना।

હુડ (अ०) देखो હડ હડ।

હુડહુડાટ (सं.) पेटमें वायुद्वारा गडबड।

હડેડ (अ०) एकदम सपाटेसे।

હડો (सं.) पाडोस, परौस पडोस, बैलगाडी का अग्र भाग विशेष जहां जुआ बंधता है।

હણુકેખણુ (सं.) हां, या ना, खरा खोटा कहना।

હણવું (क्रि.) नाश करना, नष्ट करना, बरबाद करना, मारना, प्राण लेना।

હણુહકેખણુહ (सं.) देखो હણુકેખણુ।

હણહણવું (सं.) हिन हिनाना। (घोड़े घोडीका शब्द)

હણહણાટ (सं.) हिन हिनाहट,

હણિયું (सं.) गाड़ी चलाने वालेके बैठनेकी पट्टी, कोचवानकी बैठक।

હત (अ०) ढोरको भगाने के लिये यह शब्द काममें आते हैं। दुत्कार। [हुआ।

હત (वि.) माराहुआ, वध किया

હતદૈવ (वि.) अभागा कमबख्त।

હતભાગી (वि.) भाग्यहीन बद-किस्मत।

હતભાગ્ય (सं.) दुर्भाग्य, दुर्दैव कम-नसीब।

હતવું (क्रि.) नाश करना, मारना, वध करना, नष्ट करना।

હતું (अ०) था।

હતું નહોતું થઈ જવું (क्रि.) मर जाना, पैदा होकर खत्म हो जाना, लोप होना, अंतर्ध्यान होना गायब होना।

હત્યા (सं) वध, घात, मार, हिंसा, खून, हनन, वधका पाप।

હત્યા વહોરવી (क्रि.) व्यर्थकी हत्या अपने सिर लेना। लगाना।

હત્યા ચોંટવી (क्रि.) वधका पाप

હત્યારો (सं) पापी, खूनी, घातक।

હથરોટા (सं.) भुजबंध, बाजूबन्द, एक प्रकारका जेवर।

હથવાર (सं.) जो एक आदमीके वशमें रहे, ऐसा जानवर जो एक आदमीके द्वाराही दुहा जावे (दूध)।

હથિયાર (सं.) लोखर, कलकांटा, औजार, आयुध, अस्त्र, शस्त्र साधन।

હથિયાર મોટું છે (अ०) पक्ष जबरदस्त है, आधार बलवान है।

હથિયાર બાંધવો (क्रि.) लड़नेके लिये तय्यार होना, शस्त्र ग्रहण करना।

હથિયાર ઉપાડવાં (क्रि.) मारनेके लिये हथियार उठाना।

હથિયાર સજવાં (क्रि.) युद्धके लिये तय्यार होना।

હથિયારબંધ (वि.) अस्त्र शस्त्रोंसे सुसज्जित, सशस्त्र।

હથુ—થ્થુ (अ॰) हस्ते, द्वारा, मारफत।

હથેલી (सं.) हस्ततल, हाथका बीचका स्थान, करतल, हाथका अंगुली औ॰ कलाईके बीचका चपटा भाग।

હથેલીમાં પૃથ્વી આવવી (क्रि.) बड़ा भारी संकट आपड़ना, घोर आपत्तिमें पड़ना।

હથેલીમાં સ્વર્ગ બતાવવું (क्रि.) आलच दिखाना, बहलाना ठगना।

હથેલીમાં હીરા બતાવવા (क्रि.) बड़ी बड़ी आशायें बंधाना जो कभी पूरी नहीं। ठगना, फोसना।

હથોટી (सं.) हाथकी निपुणता, हथौटी, चतुराई, निपुणता, बनावट।

હથોડી (सं.) हथौड़ी, मोगरी।

હથોડો (सं.) हथौड़ा, घन, बड़ा मार्तोल।

હથોડાને ચીપિયા લઇને મંડવું (सं) आतुरतापूर्वक किसी कार्यमें लग जाना।

હદ—દ્દ (सं.) सीमा, सीम, अवधि, आखिर, अंत, मर्यादा। (अ॰) पराकाष्ठा, बहुतही।

હનકન सं.) आनाकानी, संदेह, शक।

હનુમાન (सं.) मारुति, रामदूत, बन्दर। [उपवास करते हैं।

હનુમાન હડિયો કાઢે છે (—) चूहे

હન્તા (वि.) मारनेवाला, खूनी, घातक, हत्यारा।

હપતો-ફ્તો (सं.) सप्ताह, हफ्ता, ठहराहुआ समय, किश्त, खंड खंड रुपये, रुपया पैसा देनेका ठहराया हुआ समय। [उचित।

હપરે (अ॰) बराबर, ठीक, सही,

હબુસ (सं.) एक प्रकारका कलमी आम। [दौलदिल।

હબક (सं.) दहशत, चमक,

હબકવું (क्रि.) चमकना, चौंकना, दहशत खाना।

હબકી જવું (क्रि.) भयसे चमक जाना।

હબકાવવું (क्रि.) चमकाना, डराना, चौंकाना, अचानक भयोत्पादन करना।

હબધું (वि.) मजबूत।

હબશી—શી (सं.) एबोसीनिअन, सिद्दी, सीदी, मूढ़, जंगली।

હણથી મૂઠ (सं.) छूटाई न छूटे ऐसी मूठ।

હબસણ (सं.) हबशीकी औरत।

હમહમાટ (सं.) आवाज, ध्वनि, शब्द।

હમચી (सं.) एक अगरणी नामक संस्कारके समय स्त्रियोंका गोल कुंडलके रूपमें खड़े होकर गीत गाना।

હમઠી (सं.) अहंकार, गर्व, मगरूरी।

હમણાં-ણે (अ०) वर्तमान समयमें, इसवक्त, सांप्रत, अभी, हालमें।

હમામખાનું (सं.) स्नानागार, नहानेकी जगह।

હમામદસ્તો (सं.) हमामदस्ता, कूटनेके लिये लोहेकी ऊखलमूसल।

હમાલ (सं.) बोझा उठानेवाला, व्यक्ति, भारवाही, मजदूर, हम्माल।

હમિયાણી (सं.) पूंजी, मूल धन, दौलत, द्रव्य, धन, भंडार, न्यौळी, रुपयोंके भरनेकी थैली।

હમ્મ (सं.) आमिनगिरी, एवज।

હમીદાર (वि.) जामिन अमानतदार, हांकरनेवाला। [विशेष।

હમીર (सं.) कल्याण रागका भेद

હમેલ (पु.) गर्भ, ध्याम, हमल, पद्म, जपमाल।

હમેશ-મ્મેશ (अ०) हमेशा, नित्य, रोज, सदा, निरन्तर, सर्वदा।

હમેશગી (सं.) अविराम, हमेशा होना, नित्यता, अविच्छेद, यावच्चन्द्रदिवाकर, चिरस्थायित्व।

હમેશાં-મ્મેશાં (अ०) देखो હમેશ।

હય (सं) अश्व, घोड़ा, तुरग, वाजी।

હયમોચન (सं.) घोड़ेकाखोलना, छोड़ना।

હયશાળા (सं.) घोड़ेके बंधनेका स्थान, तबेला, घोड़ोंका ठान।

હયાત (वि.) जीवित, जानदार।

હયાતી (सं.) जीवन, जिन्दगी।

હર (सं.) महादेव, शंकर, (वि.) हरण करनेवाला, ले जानेवाला, प्रत्येक।

હરએક (वि.) कोईभी एक, प्रत्येक।

હરકોઈ (वि.) हरकोई।

હરખ (सं.) हर्ष, आनंद, उल्लास, प्रसन्नता, खुशी, सन्तोष।

હરખભરમ (सं.) अत्यानन्दके लिये पागल होना।

હરખઘેલું (वि.) हर्षके लिये पागल बना हुआ।

હરખવા (सं.) हर्षोन्माद, प्रसन्नताका पागलपन।

હરખવું–ખાવું (क्रि.) प्रसन्न होना, खुश होना, मुदित होना।

હરગીજ–સ (अ०) कभी, किसी दिन, किसी कारण, किसीभी तरह।

હરઘડી (अ०) बारम्बार, सदा, सर्वदा, हमेशा, घड़ीघड़ी।

હરઢું (वि.) पासका, नजदीकका, समीपका, सम्बन्धी, सुस्त।

હરડે (सं.) हर्रे, एक प्रकारका फल, हरीतकी, अमृता।

હરડ (सं.) पूर्ववत्।

હરણ (सं.) मृग, हरिण, सांबर, कृष्णसार, दूर करना, लेजाना, चोरी।

હરણી (सं.) हरिणी, मृगी।

હરણો (सं.) हरिण, काला और बड़ा टोळ का मुखिया मृग।

હરદાસ (सं.) खड़ा रहकर गायनमें कथा कहनेवाला।

હરનીસ (अ.) रातदिन, हररोज अहर्निश, बारम्बार, हमेशा।

હરફ (सं.) अक्षर, हुरुफ, शब्द, बोल, उच्चारण, वर्ण।

હરફેર (सं.) बारम्बार आवागमन, हेरफेर, हेराफेरी औटपलट।

હરબડવું (क्रि.) डरना, चौंकना, घबरा जाना, घबराना।

હરબડાવવું (क्रि.) घबराना, व्याकुल करना। [मरोड़ना।

હરબડવું (क्रि) घबराना,

હરવુંફરવું (क्रि.) चलता फिरता, तन्दुरस्तीमें आयाहुआ घूमता टहलता।

હરસું (वि.) हल्दीके स्वादवाला

હરરોજ (अ०) प्रतिदिन रोजमर्रह।

હરવખત (अ०) हरघड़ी हमेशा।

હરવર (सं.) याद स्मरण।

હરવરસ (सं.) प्रतिवर्ष, हरसाल।

હરવાયું (वि.) सुस्त, काहिल।

હરવું (वि.) हर, ताजा, हरण करना, छिना लेना, छीनना, चोरना, घटाना हारना, पराजित होना, इधर उधर फिरना।

હરવું ફરવું (क्रि.) घूमना फिरना चक्कर काटना, टहलना, हवा खोरी करना।

હરસ (सं.) अर्शरोग, गुदरोग विशेष बवासीर, मस्सेका रोग।

હરસડુંબ (सं.) बवासीर मेंसे खून टपकना।

હરસાલ (अ०) देखो હરવરસ।

હરહરમહાદેવ (सं.) शत्रुपर आक्रमण करते समय तथा स्नान करते समय हिन्दू लोग इस वाक्यका उच्चारण करते हैं।

हरहुन्नर (सं.) प्रत्येक हुनर, हरेक कारीगरी ।

हराम (सं.) घोड़े बाँधनेका रस्सा, बेर नामक वृक्षका काँटा ।

हराज (वि.) निलामद्वारा बिका हुआ, माँगके साथ बिका हुआ ।

हराजी (सं.) नीलाम, तळ उपरकी माँग ।

हराड (वि.) अठारह, अठारह.१८।

हराडुं (वि.) हराया, भटकता हुआ, परास्ताकिया, मचलाहुआ, अडियल, हठी, निरंकुश ।

हराम (वि.) धर्म और नीति-विरुद्ध अन्यायका, खोटा ना ...।सब ।

हरामखोर (वि.) नमक हराम, अपने फर्जो (फरायज) को नहीं जाननेवाला, कृतघ्नी दुष्ट।

हरामखोरी (सं) कृतघ्नता, नमक हरामी, दुष्टता, लुच्चाई, ठगी ।

हरामचस्को (सं.) मुफ्त खानेकी टेव ।

हरामजादुं (वि.) वर्णसंकर, रॉडके गर्भसे उत्पन्न, जिसके बापका कुछ पता नहीं। जारज ।

हरामी (वि.) उत्पाती, तूफानी, बदमाश, धूर्त, लुच्चा, दगाबाज। (सं.) हरामखोरी, लुच्चाई ।

हरार (अ०) जरूर, ठीक, निश्चय ।

हरि (सं.) ईश्वर, परमात्मा, प्रभु । विष्णु, इंद्र, साँप, मेंढक, सिंह, घोड़ा, सूर्य चन्द्रमा, सुग्गा, तोता, बानर, यमराज, हंस, अग्नि, कपूर, वरुण, मोर, ब्रम्हा, शिव, हरारंग, इन्द्रका, घोड़ा, किरण, रश्मि ।

हरिह (सं) नीळे और पीळे रंगका घोड़ा ।

हरिकेलीय (सं.) बंगाल प्रान्त ।

हरिकेश (सं.) शिव, इस नामका एक यक्ष ।

हरिगीत (सं.) छन्दविशेष, अट्ठाईस मात्राका मात्रिक छन्द विशेष ।

हरिचंदन (सं.) केसर, एक प्रकारका चन्दन, चाँदका उजाला ।

हरिजन (सं.) हरिभक्त, भगत ।

हरिण (सं.) देखो हरण, शिव, विष्णु, हंस, सफेद और पीळा रंग ।

हरिणाक्षी (सं.) मृगलोचनि, एक प्रकारका सुगन्धित द्रव्य ।

હરિત (વિ.) हरा, हरा और पीला मिला हुआ। हरित्रा, हल्दी, विला, सिंह, सूर्यका घोड़ा।

હરિતાલી (સં.) ध्रुव, आकाशरेखा।

હરિદ્રા (સં.) हल्दी, हरदी।

હરિદ્રુ (સં.) दारुहल्दी, औषधि विशेष।

હરીનયની—નેણી (વિ.) मृगलोचनि।

હરિનેત્ર (સં.) सफेद कमळ।

હરિપરાયણ (વિ.) प्रभुप्रीत्यर्थ, ईश्वर के नामपर।

હરિપર્ણ (સં.) मूली, शाकविशेष।

હરિપ્રિય (સં.) शिव, कदम्बवृक्ष, बादी प्रकृतिका आदमी, शंख, पोल्ला मंग। (वृक्ष विशेष)।

હરિપ્રિયા (સં.) तुळसी, लक्ष्मी, पृथ्वी, (વિ.) हारिको प्यारी।

હરિયા (સં.) आम, आम्र, रसाल, (कुम्हार गधोंको हांकते समय यह शब्द करता है)

હરિયાળી (સં.) नवपल्लवता, ताजा वनस्पतिकी शोभा, हराश।

હરિયાળું (વિ.) हरा हरित वर्ण।

હરિવદની (વિ.) चन्द्रमुखी, सुंदर मुंहवाली।

હરિવલ્લભા (સં.) देखो હરિપ્રિયા।

હરિસેવા (સં.) ईश्वर भक्ति।

હરીકાય (સં) भाजी शाक (जैन धर्मावलम्बियोंका शब्द)

હરીફ (સં.) शत्रु, दुश्मन, प्रतिपक्षी, प्रतिवादी, वादी, प्रतिस्पर्द्धी, ईर्ष्यालु।

હરીફાઈ (સં.) शत्रुता, दुश्मनी, स्पर्द्धा, इर्ष्या।

હરીફરીને (અ०) इधर, या उधर।

હરૂ (અ०) यहाँ यहीं। (વિ.) हरा, ताजा, गीला, (वनस्पति)

હરૂંપરૂં (અ०) इधर उधर, आस पास रूबरू।

હરેક (વિ.) प्रत्येक, हरकोई, कोई भी एक।

હરેડી—રેરી (સં.) किसीका पीछा करना, दौड़, गड़बड़ी।

હરેરૂં—રા (સં.) फलविशेष।

હરેરો (સં.) वृक्षविशेष।

હરોળ (વિ.) सेनाका पिछला भाग, फौजके पीछेकी टुकडी। अगाऊ, पहिले, आगेसे, एकबार हार, पंक्ति।

હર્તા (સં.) हरनेवाला, लेनेवाला, नाश करनेवाला, दूरकरनेवाला, चोर।

હર્યું (सं.) हरा सब्ज, ताजा।

હર્ષઘેલું (ठि.) हर्षोन्मत्त, हर्षमें पागल। [आनन्द का विचार।

હર્ષતરંગ (सं.) आनन्द की

હર્ષનાદ (सं.) आनन्दध्वनि, जयघोष, जयजयकार, आनन्दसूचक शब्द।

હર્ષિત (वि.) प्रसन्न मुदित, आनन्दित आनन्दप्रिय।

હલક (सं.) आवाज,कंठ,सार्वं,सुर।

હલકટ (वि.) नीचा, हलका.

હલકાઈ (सं.) हलकापना, निचाई लघुता। [घोर शब्द।

હલકાર (सं.) बडी आवाज,

હલકારવું (क्रि.) जोरसे बोलना, हांकना, फटकारना, नाराज होना चलाना।

હલકારો (सं.) दूत, सम्वादवाहक, जासूर, कासिद।

હલકું (वि.) वजनमें थोड़ा हलका, फुलका, सहज लघु, सुगम, क्षुद्र, तुच्छ, छोटा, अल्प नीचा उद्यम, कमजात, पाजी, फीका।

હલકું કરવું (कि.) मारना, पीटना। धमकाना, इज्जतकम करना।

હલકુંફુલ (वि.) फूलके समान हलका। [कमीना आदमी,।

હલકું લોહી (सं.)) नीचवृत्ति,

હલકે લોહી હલાલાવવું नामीचोर मारा जाय।

હલકું પડવું (कि.) इज्जत कमहोना।

હલકું કામ (सं.) थोड़ा काम, नीच कार्य।

હલડ वि.)ऊंचा, बड़ा हुआ, वृद्धिगत।

હલફલવું (क्रि.) छटपटाना, तड़फड़ाना, तलफना, उत्तेजित होना।

હલભલ (मं.) होहल्ला, शोरगुल, घबराहटमें शब्दविशेष।

હલવા (सं.) एक प्रकारकी मछली।

હલવાઈ (सं.) मिठाई बेचनेवाला, मिठिया।

હલવાન (सं.) शालसे कमकीमतका ऊनीवस्त्र (जो ओढनेके काममें आता है।

હલવું (वि.) हलका, कमवजनदार।

હલવો (सं.) एक प्रकारकी मिठाई, हलुआ, मोहनभोग, सीरा, शीरा।

હલેસો (सं.) चाटू,काठका, चमचा।

હલ્લા-હલ્લો (सं.) चढाई,आक्रमण।

હલા (सं.) नाटकमें स्त्रियोंके लिये सम्बोधन, सखी, बहिन, भाभी, पृथ्वी।

હલાક (वि.) हैरान, दुखी, व्यथित।

હલાકી (सं.) परिश्रम, माथाफोड़, दुःख, खींच, तंगी।

હળાણું (सं.) खेत जोतना।

હળામણુ (सं.) खेत जोतनेकी मज़दूरीके पैसे।

હલાલ (वि.) वाजिब, उचित, योग्य, धर्म और नीतिके अनुसार, कृतज्ञता (अ०) नियमानुसार, खरा, विधिपूर्वक मारा हुआ।

હલાલ કરવું (क्रि.) मारना, वध करना। [श्वपच।

હલાલખોર (सं.) भंगी, मेहतर,

હલાલી (सं.) स्वामिभक्ति, अनुराग, आसक्ति, प्रेम।

હલાવવું (क्रि.) हिलाना, डुलाना, कंपाना, डगमगाना, भुलाना, जागृत करना, उत्तेजित करना।

હલેતું (वि.) जीवन विषयक बातोंसे अनभिज्ञता, धीमा, मन्द, सुस्त। [लकड़ीका चमचा।

હલેસું-હલેસું (सं.) चाटू,

હલો (सं.) वैभव, ठाठबाठ, धूम, धूक। [धन शब्दविशेष।

હલ્યા (अ०) मित्रके लिये सम्बो-

હલ્લો (सं.) आक्रमण, धावा, हमला, चढ़ाई, धक्कानुकसान, धंधा, कामकाज।

હવ્યકવ્ય (सं.) हव्यकव्य, देव और पितृकार्यके लिये बलि। युक्ति प्रयुक्ति, दांवपेच।

હવડ (वि.) अछूता, जिसे किसीने भी काममें नहीं लिया हो।

હવખુ (सं.) चलते फिरते आनन्द करना, सहज, सरळ। [इसीक्षण।

હવણાં (अ०) अभी, इसीवक्त,

હવન (सं.) होम, अग्निमें घृतादि पदार्थोंकी आहुति।

હવનપડી (सं.) होमके काममें आनेवाली सामग्रीकी पुड़िया।

હવસ (सं.) तृष्णा, हविस, लोभ, कामभिलाष, प्रबल इच्छा।

હવણઈ-ણાઈ (सं.) देखो હવાઈ।

હવણો (सं.) सामान रखनेके लिये दीवारमें लगाया हुआ तख्ता, आलमारी। प्रसवके दिनोंमें प्रसूताके खिलानेका पदार्थविशेष।

હવાં (अ०) अभी, इसीसमय, अब।

હવા (सं.) पवन, वायु, मरुत, ठंडक, शीतलता, आकाश, आस्मान।

હવાખાવી-લેવી (क्रि.) हटलना, घूमना, फिरना, चहलकदमी करना, हवाखाना ।

હવાફેર કરવી (क्रि.) तन्दुरस्ती ठीक करनेके लिये जहां अच्छी हवाहो वहां जाकर रहना ।

હવામાં ઉડી જવું (क्रि.) गायब होना, अदृश्य होना, व्यर्थजाना ।

હવામાંબાચકાભરવા (क्रि.) मिथ्या प्रयास करना ।

હવામાંમારવું (क्रि.) पूर्ववत् ।

હવામાં હિંચકાખાવા (क्रि.) निराधार रहना, बेसहारे लटकते रहना।

હવાઈ કિલ્લા બાંધવા (क्रि.) शेख चिल्लीके से विचार करना, मनके लड्डूबनाना, खयाली पुलाव बनाना।

હવાઈઉડવી(क्रि.) अफवाह फैलना किम्वदन्ती फैलना ।

હવાઈ (सं.) एक प्रकारकी, आतिशबाज़ी, जो आकाशमें उड़ती है ।

હવાટ (वि.) शीतलता, सर्दी, ठंड ।

હવાડું (सं.) दूध देनेवाले पशुके थनोंका वह भाग जिसमें दूध भरा होता है, औडी ।

હવાડો (सं.) पशुओं के पानी पीनेके लिये चूनेका बनायाहुआ पक्का गड्ढा, खेळ, हौज़, हौदी ।

હવાએલું-યલું (वि.) शीतलता युक्त, सर्द, टंडगार।[गति, हकीकत

હવાલ (सं.) हालत, दशा, स्थिति,

હવાલદાર (सं.) पुलीस अथवा सेनाके नौकरोंका पद विशेष।

હવાલદારી (सं.) हवालदारकाकाम ।

હવાલો (सं.) सत्ता, अख्तियार, कब्जा, रक्षा, पाळन, देखरेख, आटा छानने के लिये कपड़ेकी चलनी, तस्वीर उपमेय ।

હવાલેલેવું (क्रि.) कब्जेमें लेना।

હવાલેકરવું (क्रि.) सौंपना देना।

હવાલેથવું (क्रि.) अधिकारमेंहोना ।

હવાલોઆપવો (क्रि.) अमानत देना।

હવિ (अ०) अब, इससमय, यहांसे (कवितामें) [बलि देने योग्य ।

હવિષ્ય (वि.) भोग चढाने योग्य

હવિષ્યાન્ન (सं.) देवान्न, ऐसे अन्न जो देव और पितृकार्यमें काममें लाये जासकें । मूग, तील, जौ, चावल, उड़द, इत्यादि ।

હવિસ (सं.) घी, घृत, हवनमें डालने योग्य द्रव्य

હવું (અ०) होना, गुजरना ।

હવે (અ०) अब, फिरसे, इसके या इसके बाद, इन दिनों, इस समय ।

હવેજ (सं.) हल्दी, हरिद्रा, हरद ।

હવેથી (अ०) आजसे, अबसे, इसके बाद, आयन्दा ।

હવેદ (वि) घबराया हुआ, व्याकुल ।

હવેલી ऊँचा बड़ा मकान, अट्टालिका-वाळा मकान, वैष्णव लोगोंका मंदिर । [वाह नहीं ।

હશે (अ०) होगा, कुछ नहीं, पर-

હસકેતસકે (अ०) बारम्बार, घड़ी घड़ी, ठहरठहरकर, हरेककाममें ।

હસણી(सं.)हंसनेकी रीति, मन्दमन्द हंसी, मुस्काना, मुस्कुराना ।

હસતાન-ખ્તાન-દ્તાન (सं.)दस्त, खत, हस्ताक्षर ।

હસદ (सं.) डाह, ईर्षा, स्पर्धा, वैर ।

હસદખોર (वि.) ईर्षालु, देखकर कुढनेवाला ।

હસમુખું (वि.) जो सदा प्रसन्न रहे, खुशमिजाज, हंसमुख ।

હસવું (कि.) हंसना, खुशीप्रकट, करना, मुस्कराना, दांत निकालना दिल्लगी करना, मजाक करना, मसखरी करना, मसखरी करना, (सं.) हास्य, हंसी, मज़ाक, ठट्ठा ।

હસતાલાડુ (सं.) कम घीके बने लड्डू ।

હસતુપક્ષી (सं.) हंसमुखपक्षि ।

હસતો ભીલ (सं.) ठग, उठाईगीरा ।

હસતો માર (सं.) हुशालेकी चोट, मुखसे ऐसे सुन्दर वचन बोलना जो सुननेमें प्रियहों किन्तु मर्म-स्पर्शीहों । [नेवाला ।

હસામણું (वि.) जो हंसावे, हंसा-

હસારત-થ (सं.) हंसी, मस्करी, दिल्लगी, मज़ाक, ठट्ठा । [करना ।

હસાવવું (कि.) हंसाना, प्रसन्न

હસી-સુ-હું (सं.) हांसी, हास्य, उपहास, फजीहत ।

હસીલ (वि.) भला, सीधा, निष्क-पट, शान्त, धीमा, मन्द ।

હસ્ત (सं.) हाथ, कर, पाणि, तेरहवां नक्षत्र ।[मार्फत, जरिये ।

હસ્તક (अ०) हस्ते, द्वारा,

હસ્તાકૃત (वि.) हाथका बनाया हुआ, मनुष्यकृत, कृत्रिम अप्रा-कृतिक । [चतुराई, होशियारी ।

હસ્તકૌશલ્ય (सं.) हाथचालाकी,

હસ્તક્રિયા (सं.) हाथद्वारा किया हुआ काम (यंत्रद्वारा नहीं ।)

હસ્તગત (वि.) अधिकारमें बया हुआ, हाथमें पहुंचा हुआ ।

હસ્તદોષ (सं.) लिखते समयकी भूल।

હસ્તમેલાપ (सं.) विवाहके संस्कारके समय वरवधूका हाथ मिलाना ।

હસ્તાક્ષરયુક્તવા (वि.) हस्ताक्षरद्वारा दिया हुआ ।

હસ્તામળ (सं.) हाथमें रखा हुआ आमलेका फल । हाथमें रखाहुआ, सब तरफसे दिखताहुआ ।

હસ્તિ (सं.) हाथी, हाथीदांत ।

હસ્તિની (सं.) हथिनी, हाथी, (मादी) स्त्रियों के चार भेदोंमेंसे एक विशेष ।

હસ્તિનખ (सं.) शहर, गांव, इत्यादि के द्वारके पास तय्यार कियाहुआ बड़ा मिट्टीका ढेर ।

હસ્તિનાપુર (सं.) दिल्ली, देहली नामसे प्रसिद्ध भारतीय शहर ।

હસ્તિમદ (सं.) गजमद, हाथी के गंडस्थलसे चूनेवाला रस ।

હસ્તિ (सं.) हाथी, गज, कुंजर, वारण, उपस्थिति, मौजूदगी ।

હસ્તું (वि.) हंसताहुआ, मुस्कराताहुआ, प्रसन्न, मुदित ।

હસ્તે (अ०) हाथद्वारा, हाथसे, हाथोंमें ।

હળ (सं.) हल, [illegible], [illegible], हर, नांगल, जमीन जोतनेका यंत्र विशेष ।

હળકવું (कि.) झूलना, हिलना ।

હળધ–ર (सं.) हल्दी, हरिद्रा, हरद । [बलक क ।

હળભળ (अ०) उत्तेजित अवस्थामें

હળવટ (सं.) खेती, कृषिका धर्म ।

હળવું (कि.) मिळनसारहोना, मिळजाना, दोस्ती होना, फलना, (वि.) धीरा, धीमा, मन्दा, हलका, नरम, पोचा, मुळायम ।

હળવે (अ०) धीरेसे, आहिस्तगीसे समझकेसाथ, सन्तोष पूर्वक ।

હળવેરહીને (अ०) बहुतही धीरेसे आहिस्तासे, विनयपूर्वक, नम्रताद्वारा, बहुतहीं नर्म हाथसे ।

હળાહળ (सं.) भयंकर विष, ज़हर गरळ, विख, माहुर, महाविष ।

હળીયું (सं.) छोटाहळ ।

હળુ-હળુ-હળુ (अ०) धीरेधीरे आहिस्तेसे, शनैःशनैः ।

હળોતરાં (सं.) भूमिको पहिलीही वर्षामें जोतना ।

હાં (अ०) हां, ठीक, उचित, अच्छा, ऐसा ! ऐसाक्या ! हा ।

હાંઉં (अ०) बस, हुआ, रहने दो ।

હાંક (सं.) आवाज, लम्बाशब्द, आमंत्रण, बुलावा। [आवाज देना

હાંકમારવી (क्रि.) बुलाना,

હાંકણી (सं.) हाँकनेकी रीति।

હાંકનાર (सं.) चलानेवाला, हाँकनेवाला, ड्राइवर।

હાંકવું (क्रि) हाँकना, चलाना, दूर करना, दुत्कार करना, धकेलना गप्पें मारना, अतिशयोक्ति करना।

હાંકેડુ (सं.) सारथी, गाडीवान, कोचवान, गाडी हाँकनेवाला।

હાંજા (सं.) गात्र, शरीरकी शक्ति, गति, हिम्मत, आशा।

હાંજાગગડીજવા (क्रि.) आशा अथवाहिम्मतछूटजाना। [छोड़ना।

હાંજાભરવા (क्रि.) हिम्मत

હાંજી (अ०) अच्छी बात है, जी हाँ, ठीक है साहिब।

હાંડલી (सं) छोटी हांडी मटकी।

હાંડલું (सं.) मटका, हाँडी, मिट्टीका पात्रविशेष।

હાંડી (सं.) हंडी, ताम्बे या पीतलका कांचका दीपक विशेष, लटकता हुआ दीपक।

હાંડીપીપે। (सं.) बर्तन करनेवाला नौकर।

હાંડો (सं.) हंडा, तांबीआ, पीतल बड़ा बर्तन, चरी, देग, आटे वगैरः का बनाया हुआ एक प्रकारका खाद्य पदार्थ मूर्तआकृति।

હાડલું (क्रि) कोठीमेंसे अन्न वगैरे: निकालते के लिये उसके नीचेके भागमें रखा हुआ छिद्र।

હાંફ—ફુ (सं.) हाँफनी, सांस का जल्दी जल्दी आवागमन, कंप, स्फुरण।

હાફળું (वि.) व्याकुल, व्यग्र, जिसका साँस जल्दी जल्दी चल रहा हो।

હાંફળુ—ફાંફળું (वि.) पूर्ववत्।

હાંફવું (क्रि.) हाँफना जल्दी जल्दी सांस छोड़ना और लेना घबराना।

હાંલ્લી (सं.) देखो હાંડલી।

હાંલ્લું (सं.) देखो હાંડલું।

હાંલ્લાં કુસ્તી કરે છે(—)घरमें खाने तकको नहीं है, चूहे मत करते हैं।

હાંલ્લાં ખખેરી કઢાવીશ () भाड़ेका घर खाली कराऊंगा।

હાંલ્લાં ફોડવાં (क्रि) अनबन करना, झगड़ा पैदा करना।

હાંલ્લું ફોડી નાંખવું (क्रि.) सिर उड़ा देना, माथा फोड़ डालना।

હાંસ (સં.) સાંસ, શ्वास, दम, इच्छा, चाह, हविस ।

હાંસ ઉડી જવા (क्रि) घबरा जाना, सांस भूल जाना ।

હાંસહાંસ (सं.) हृदयकी धड़कन ।

હાંસડી (सं.) गलेमें पहिननेका एक आभूषणविशेष । गलेकी नीचेकी हड्डी । घोड़ेके गलेमें पहिनानेका सामान विशेष ।

હાંસલ (सं.) नफा,फल,फायदा,कर, महसूल,टेक्स, परिणाम, नतीजा ।

હાંસો (सं.) कुदाली, मिट्टी खोदनेका एक साधन ।

હાંસિયાઘઉં (सं.) ऊंची किस्मके अच्छे सफेद और मोटे गेहूं ।

હાંસિયો (सं.) कोर, किनारे, कागज़का वह भाग जो मोड़कर छोड़ दिया जाता है और उसपर लेख लिखा जाता, हाशिया, मार्जिन ।

હાંસી (सं.) हंसी, उपहास, दिल्लगी, फजीहत, मसखरी, चेष्टा ।

હાંસીલ (सं.) देखो હાંસલ ।

હા (अ०) देखो હાં ।

હાઉ (सं.) होवा बच्चों के डरानेके लिये एक शब्द विशेष ।

હાક (सं.) शब्द, आवाज, हांक, ध्वनि, प्रलाप, बलाकारस्व ।

હાકમારવી (क्रि.) आवाज देना बुलाना । [धमकाना ।

હાકદેખાડવી (क्रि.) डरवताना,

હાકમાનવી (क्रि.) डरमानना, भयमानना । [कारमें होना ।

હાકવાગવી (क्रि.) डरसे अधि-

હાકદેવી (क्रि.) डराना, मारनेकी धमकी देना, भयबताना ।

હાકટવું (क्रि.) धमकाना, डराना ।

હાકવું (क्रि.) खूब पुकार कर बोलना, चिल्लाना, जोरसे उत्तर देना ।

હાકેટવુ–હેટવું (क्रि.) देखो હાકટવું

હાકમ–હેમ (सं.) नवाब, सूबा, राजा, शासक, अफसर ।

હાકમી(सं.)हाकिमकी सत्ता हुकूमत ।

હાકેટો–હેટો (सं.) मोटा आवाज जेरकी ध्वनि, हांक ।

હાજત (सं.) जरूरत, आवश्यकता, पाखानेकी जरूरत ।[जरूरत होना ।

હાજતલાગવી (क्रि.) पाखानेकी

હાજતપડવી (क्रि.) आदत पड़ना ।

હાજર (वि.) मौजूद, उपस्थित, रूबरू, समक्ष, पास, नजदीक, विद्यमान, तैयार, हाजिर ।

હાજરજવાબ (सं.) सावधानी, समयचातुरी, जल्द जवाब देनेवाला व्यक्ति। [देनेकी होशियारी।

હાજરજવાબી (सं.) तत्काल उत्तर

હાજરજામીન (सं) अपराधीके सामने उपस्थित करनेके लिये तैयार जमानत देनेवाला। [क्रिया विशेष।

હાજરાત (सं.) जादू मंत्रकी एक

હાજરાહજુર (वि.) उपस्थित, प्रत्यक्ष, सन्मुख, सामने, साक्षात।

હાજરી (सं.) हाजिर होना, उपस्थिति, मौजूदगी, हाजिर और गैर हाजिर जाननेका रजिस्टर, कलेवा, अल्पभोजन, प्रातःकालीन भोजन।

હાજરીલેવી (क्रि.) खबर लेना, मारने की अथवा नुकसान पहुंचानेकी तजवीज करना।

હાજરીપત્રક (सं.) हाजिर है या नहीं इसबातका सूचक रजिस्टर।

હાજરીલેવી (क्रि.) खोजना, ढूंढना।

હાજરીભરવા (क्रि.) हाजिर होना यारहना, हाजिरी रजिस्टरमें लिखना।

હાજવું (क्रि.)अड़रहना,लगारहना।

હાજિયો (सं.) प्रत्येक बातमें "जीहुजूर" कहनेवाला, खुशामदी, चापलूस।

હાજી (अ०) देखो હાંજી।

હાજીહાજીકરવું (क्रि.) हरेक बातमें हां हां करना, खुशामद करना।

હાટ (सं.) दुकान, बाजार, पेंठ, हट्ट, लेनदेनकी जगह, चौक।

હાટમાંડવી (क्रि.) दूकान लगाना।

હાટક (सं) सुवर्ण, सोना, हेम, कंचन।

હાટકવું (क्रि.) गर्जना करना, हुंकार सिंहनाद करना।

હાટડું (सं.)छोटी दुकान, भंडारिया, दीवारोंका ताक जिसको किवाड़ वगैरः लगेहों।

હાટું (अ०) वास्ते लिये।

હાડ (स.) हड्डी, अस्थि, हृदय, जिगर, शरीरके भीतरकी कठोरवस्तु (अ०) बहुतही, अतिशय।

હાડજવું (क्रि) बहकजाना, अस्ली रूप प्रकट होना।

હાડભાગવાં (क्रि.) शरीरसे अशक्त करना, मारमारना बहुत दुःखदेना।

હાડજ્વર (सं.) ऐसा ज्वर जो शरीरमें जमगयाहो, हड्ज्वर।

હાડગળવું (क्रि.) सूखना कृशहोना दुर्बल होना।

હાડવળવું (क्रि.) तन्दुरस्त होना।

હાડક્યરિયો (सं.) देखो હાડજ્વર।

હાડકી (सं.) छोटी हड्डी ।

હાડકું (सं.) देखो હાડ ।

હાડકાંભાંગી નાખવાં (कि.) मारमार के दुरुस्त करना, अधमरा करना ।

હાડકાં પાંસળાં ભાંગવાં (कि.) दुर्बल होना, दुबले होना ।

હાડકાં રંગવાં (कि.) इतना मारना कि खून निकल आवे ।

હાડકાં રજ્ઞાવવાં (कि.) मेर बाद अस्थियोंकी योग्य क्रिया न हो ऐसा प्रयत्न करना ।

હાડકાં વાળવાં (कि.) शरीरका संगठन करना(व्यायाम वगैरः से)

હાડકાં શેકવાં (कि.) दुःख देना ।

હાડકાનો આપો (वि.) आलसी, सुस्त ।

હાડકાનો ભાગ્યો (वि.) पूर्ववत् ।

હાડકાંનો માળો (सं.) अस्थिपंजर, रक्तमांसरहित शरीर ।

હાડછેડ (सं.) तिरस्कार, फटकार ।

હાડમાર (सं.) पूर्ववत् ।

હાડવેર–वैर (सं.) पक्की शत्रुता, सख्त दुश्मनी ।

હાડવૈદ (सं.) टूटे हुए अस्थि भागको ठीक करनेवाला वैद्य ।

હાડવું (कि.) डोरोंको चराने जाना

હાડિયાડુંડું (सं.) लड़कोंका एक प्रकारका खेल ।

હાડિયું (वि.) हाड सम्बन्धी, अस्थिविषयक, हाडका ।

હાડિયું કસ્સલ (सं.) एक प्रकारका वर्षाऋतुमें उत्पन्न होनेवाला वृक्ष ।

હાડયો (सं.) कौआ, काग, काक, वायस ।

હાઠી (वि.) देखो હાડિયું, मजबूत, दृढ़, पुष्ट, हठीला, परिश्रमी, शारीरिक कष्ट सहनेवाला ।

હાણ (सं.) हानि, नुकसान ।

હાથ (सं.) कर, हस्त, पाणि, कंधेसे लगाकर अंगुलियों तक शरीर से अलग लटकते हुए भाग । दस्त । आधा गज, मापविशेष, कोहनीसे अंगुलीके अग्र भाग तक की लंबाई । बाजू, भुजा, पक्ष, तरफ, ओर, सत्ता, अधिकार, शक्ति, बुद्धि, चातुर्य, मदद, सम्बन्ध, साथी, सहायक, कृपा, दया, रहम, महरबानी । दांव, पाणिग्रहण, विवाह, सगाई, (अ०) खुद, स्वयम्, आप ।

હાથ આપવો (कि.) मदद देना, सहायता करना ।

હાથ ઉઠાવવો (क्रि.) अधिकार छोड़ना।

હાથ ઉપાડવો (क्रि.) पटिनेका इंतजाम करना।

હાથ કાપી આપવા (क्रि.) दस्त खत कर देना, हस्ताक्षर करना।

હાથકાળાકરવા (क्रि) कलंक लेना।

હાથખંખેરવા (क्रि.) आशा छोड़ देना।

હાથકરવું (क्रि.) अधिकारमें करना।

હાથચળવળવા (क्रि) मारनेके इच्छुक होना। [फिजूल खर्च।

હાથનું છૂટું (वि.) मुक्त हस्त,

હાથ ઠોકવો (क्रि.) शर्त लेना, होड़ बदना।

હાથાઘસવા (क्रि) पश्चात्ताप करना।

હાથચાટવા (क्रि.) भूखों मरना।

હાથ ચોખ્ખોહોવો (क्रि.) पवित्र, शुद्ध होना।

હાથ ચોળવા (क्रि.) पछताना।

હાથજવા (क्रि.) निराधार होना, हिम्मत हारजाना।

હાથજોડવા (क्रि.) क्षमा चाहना, नम्रता प्रदर्शित करना।

હાથજોડવો (क्रि.) ताकत: देखना, बाहुबलकी परीक्षा करना।

હાથજોઈરાખવો (क्रि.) भविष्य कहना। [विवाह करना।

હાથઝાલવો (क्रि.) मदद करना,

હાથઠરવો (क्रि.) पूर्ण अनुभव होना।

હાથ દાબવો (क्रि.) घूस देना, रिश्वत देना।

હાથધોવા (क्रि.) निराश होना।

હાથનાપાકહોવા (क्रि.) रजस्वला होना। [राश होना।

હાથનીચા-હેઠાપડવા (क्रि.) नि-

હાથદેખાડવો (क्रि.) बलदिखाना।

હાથધરવો (क्रि.) मांगना।

હાથભમ (वि.) कसाहस्ती, मुख्य आधार। [तंग आना।

હાથભીડમાંહોવું (क्रि.) खर्चसे

હાથપરલેવું (क्रि.) पीछा खींचनेका निश्चय करना।

હાથનીકરામાત (सं.) खुदकाकाम।

હાથપીળાકરવા (क्रि.) विवाह-] करना।

હાથફેરવીજવું (क्रि.) चोरी करके ले जाना।

હાથબાંધવા (क्रि) कामको रोक देना।

હાથમારવા (क्रि) तैरना, पैरना।

હાથમારવો (क्रि.) चोरी करना।

હાથમાથેમુકવો (क्रि.) आशीर्वाद देना ।

હાથલાગવો (क्रि.) पहुंचना ।

હાથહાસ્યાં લેવાં (क्रि.) महा कठिन दशामें आना ।

હાથનું પોલું (वि.) उड़ाऊ, खाऊ ।

હાથેવાળોમેળવવો (क्रि.) पाणि-ग्रहण करना ।

હાથપોલો તો જગપોલો (—) दाम कर काम बाँधी करे सलाम, जर चाहे सोकर । [करना वैसा भरना ।

હાથના કર્યા હૈયાવાગ્યાં (—) जैसा

હાથઉછીનું (वि.) हाथउधार, थोडी देर के लिये ऋण ।

હાથકડી (सं.) हथकडी ।

હાથણી (सं.) हस्तिनी, हथिनी, हाथी (मादा) [का रोग ।

હાથધોણું (सं.) अतिसार, दस्तों-

હાથપોચિયું (सं.) कलाईपर पहिननेका आभूषण विशेष ।

હાથરસ (सं.) हस्तक्रिया, हतलस ।

હાથા (सं.) कुंकुमादि मंगल द्रव्य में सानकर हाथके छापे (चिन्ह)

હાથયો (सं.) हस्त नामक नक्षत्र, बैल घोड़ोंके बाल साफ करने के काममें हाथमें पहिननेका थैली ।

હાથી (सं.) हस्ती, वारन, गज, कुंजर ।

હાથીઝુલવા (सं.) धनवान होना ।

હાથીનોપગ (सं.) ऐसा मनुष्य जिसके पीछे बहुतसे लोगोंका उदर पोषण होता हो ।

હાથીનોબાર હાથીજ ઉપાડે (अ०) खानदान तो खानदानही ।

હાથીપાછળ ઘણાએ કુતરા ભસે છે (--) सूरजपर धूल फेंकने से उलटी उसीपर गिरती है ।

હાથી દરબારેજશોભે (अ०) पुत्री ससुरालमेंही शोभा पाती है ।

હાથીનામોંઆગળથીપુળોલેવો (क्रि.) अति दुष्कर काम करना ।

હાથીનાદંતુ—કાળ બહારનીકળ્યા-તે નીકળ્યા (-) बोला हुआ वचन बाहिर होगया ।

હાથીના દાંત ચાવવાનાજુદા ને-બતાવવાના જુદા (—) कहनेका कुछऔर तथा करनेका कुछ और ही ।

હાથેલી (सं.) हथेली, करतल ।

હાથેવાળો (सं.) लग्न विवाह, पाणि ग्रहण संस्कार । [बेंट ।

હાથો (सं.) दस्ता, मूठ, हेन्डल ।

હાથોડીઉવો (क्रि.) होड़ बदना, शर्त करना, कुंकुमादिसे सने हाथ का छापा देना, पञ्ज ।
હાથોહાથ (अ०) स्वयं, जिसे देना हो उसीके हाथमें, एकके बाद दूसरेको हिलमिलकर, पास पास आकर, जल्दीसे, झट ।
હાન (सं) बाधा, हानि, नुकसान, घटी, खराबी, नाश, धक्का, विपत्ति, तंगी, कष्ट, मानता ।
હાનિકારક (वि.) नुकसान करने वाला, अहितकारी, नाशक, संहारक ।
હાફિકા (सं.) जँभाई, उबासी ।
હાબ્દુ (वि.) सब, तमाम, समस्त सारा । [उद्यत होना ।
હાબ્દુ થવું (क्रि.) तय्यार होना,
હામ (सं.) हिम्मत, साहस, पराक्रम, शौर्य, बहादुरी ।
હામભીડવી (क्रि.) साहस करना ।
હામહામનેહામ્મેઇએ (—) व्यापारमें हिम्मत पैसा और अच्छी जगह चाहिये ।
હામાકરતાં (अ०) हाँ ना करते हुए, आखीरमें, अन्ततोगत्वा ।
હામી (सं.) जमानत ।
હામીદાર (सं.) ज़ामिन, ज़मानतदार ।
હાય (अ०) दुःखबोधक शब्द, साँस शक्ति, गति, सत्ता, श्राप, त्राप, बददुआ । [दुःख, रंज, खेद ।
હાયવરાળ (सं.) शोक, अफसोस,
હાર (सं.) पराजय, पराभव, शिकस्त, पंक्ति, श्रेणी, लाइन, समान, माला, पुष्पमाला, चाँचलका मांड कलक, कलप, खुराक ।
હારપડવું (क्रि.) चलना, आरंभ होना ।
હારભિનાસ્વો (क्रि.) नरमकरना ।
હારક (वि.) हरण करनेवाला ।
હારજિત (सं.) जय पराजय फतह शिकस्त ।
હારડો (सं.) बड़ी पुष्पमाला, मोटे दानोंकी माला, मिठाईका हार (होली के दिनोंमें बनता है)
હારેલ (वि.) कायर, हाराहुआ, पराजित ।
હારદ (सं.) मनकाभाव, मतलब, इच्छा, रहस्य, आंतरिक बात, भावार्थ, आशय, हृदय ।
હારદોર (अ०) एकही पंक्तिमें, एकही कतारमें ।
હારમંદ (अ०) पूर्ववत् ।

હારવું (क्रि.) गुमाना, खोना, गमाना, नुकसान उठाना, मारखाना, थकना, कमजोर होना, हारना।

હારિયું (वि.) समान, साथी, एक पंक्तिका, एक मार्गका, एक तर्जका ।

હારી (क्रि.) देखो હારવું ।

હારીલ (सं.) एक प्रकारका पक्षी, (कहते हैं यह पक्षी जन्मसे मरण पर्यंत पैरमें एक लकडी रखता है)

હારે (अ०) साथमें, संगमें ।

હારેડું (वि.) तूफानी बदमाश, मस्ती करनेवाला, पाखण्डी, ।

હારો (सं.) सात मणका वजन ।

હારોડી (सं.) हार, माळ ।

હારોદોર (सं.) देखो હારદોર ।

હારોહાર (सं.) पूर्ववत् ।

હાર્દ (सं.) देखो હારદ ।

હાલ (सं.) दशा, हवाल, मुसीबत, आपदा, कष्ट, (अ०) अभी, इसी समय ।

હાલ જાય હવાલ જાય પણ ખડેકા ખ્યાલ જાય (—) जिनेक स्वभाव पड़ गया वे मरनेपरही मिटेंगे ।

હાલકહુલક (सं.) गड़बड़ तूफान।

હાલચાલ (सं.) रीतरिवाज, हेरफेर, आवागमन ।

હાલત (सं.) स्थिति, दशा, अवस्था हाल, अहवाल, टेव ।

હાલતેચિંબડે (अ०) तन्दुरस्तीमें, अच्छी दशामें ।

હાલંદું (वि.) हलताहुवा ।

હાલપોળ (वि.) सड़ाहुआ, गला-हुआ, बिगड़ाहुआ, खराब ।

હાલભડાલ (वि.) देखो હલભલ ।

હાલમસ્ત (वि.) अलमस्त, निश्चित कंगाल किन्तु गर्विष्ठ ।

હાલરડું—રૂં (सं.) बच्चोंको पालनेमें सुलाकर गाया जानेवाला गीत, लोरी, समुदाय, जथा, अजपरदाने निकालनेकी गरजसे बैलोंसे उस गुंधवाना ।

હાલવું (क्रि.) हिलना, चलायमान होना, चलना, जाना, दूरहोना, कांपना, थर्राना ।

हानि ।

હાલસો (सं.) धक्का, नुकसान,

હાલહવાલ (सं.) दुर्दशा, आपत्ति।

હાલહાલ (अ०) अभी अभी, तुरंत, तत्काल ।

હાલી (सं.) झोली, झोरी ।

હાલીઓરી (सं.) देखो હાલરડું ।

હાલીમુવાલી (सं.) ओछे मनुष्य ।

હાલો (અ०) बच्चोंको झुलाते समय झोका खानेवाला शब्द ।

હાવ (सं.) नखरा, चोंचला भाव, हावभाव, इच्छा, शृंगारचेष्टा, आशा ।

હાવભાવ (सं.) नखरा, लटका, अदा, चेष्टा, आकर्ष, चोंचला, दुलार ।

હાવરું (वि.) असन्तोषी, आशातुर, अतिलोभी ।

હાવરો (सं.) बुखारके बादकी भूख ।

હાવાં (अ०) अब, अभी, इससमय ।

હાશ-સ (सं.) किसी बातसे सन्तोष होनेपर यह शब्द काममें लाया जाता है । [ठट्ठा, हास्य ।

હાંસી-હાસ્ય(सं.) दिल्लगी, मज़ाक,

હાસ્યકારક (वि.) जो हंसी करावे, उपहासास्पद । [त्पादक ।

હાસ્યજનક (वि.) विनोदी, हास्यो-

હાસ્યરસ (सं.) नवरसमेंसे एक रस विशेष ।

હાસ્યરસપ્રધાન (वि.) जिसमें हास्य रसकी प्रधानता हो, जो हंसावे ।

હાસ્યવદન (सं.) हंसमुख, खुशदिल, (वि.) आनन्दी, हंसते हुवे मुंह वाला ।

હાસ્યવિનોદ (सं.) मज़ाक, दिल्लगी उल्लास, विलास ।

હાહાકાર (सं.) हाहाकार की ध्वनि, शोक सूचक शब्द ।

હાહો (सं.) कोलाहल, होहल्ला, धूमधाम ।

હાળી (सं.) पुरुष, मर्द, हलवाहा ।

હિયાં (अ०) यहां, इसजगह ।

હિંગ (सं.) हींग, एक वृक्षका गोंदविशेष, हिंगु, गन्धद्रव्य, वासना ।

હિંગડો हलके दर्जेका हींग ।

હિંગળો-ક (सं.) हिंगुर, शिंगरोफ, सिन्दूर ।

હિંગળોકિયું (सं.) हिंगरू भरनेकी डिब्बी (वि.) हिंगुरके रंगका ।

હિંગામ (सं.) देखो હંગામ ।

હિંગોરું (सं) एक प्रकारका फल, हिंगोट ।

હિંચકો (सं.) झोका, झोटा, मचका, झूलते हुएको धक्का, हिंडोला, झूला । [झोका खाना ।

હિંચવું (क्रि.) झूलना, लटकना,

